
तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 21 जून 2025

15 नाक की हड्डी से बनी श्वास नली की दीवार, तीन...


20 गोलियों की आवाज से बाघ कर रहे बस्तर से पलायन...



# जैतूसाव मठ की 300 करोड़ की संपत्ति का फर्जीवाड़ा, तहसीलदार के खिलाफ बैठेगी जांच कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जैतूसाव मठ की धरमपुरा स्थित तीन सौ करोड़ रुपए कीमत की संपत्ति को कूटरचना कर आशीष तिवारी के नाम पर नामांतरण के मामले में अब तत्कालीन तहसीलदार अजय चंद्रवंशी के खिलाफ भी जांच की जाएगी। संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने बताया कि तहसीलदार ने नियम विरुद्ध तरीके से संपत्ति का नामांतरण आदेश जारी किया था, जिससे कहीं न कहीं दस्तावेजों से भी छेड़छाड़ की गई है। इससे तहसीलदार की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसे देखते हुए तहसीलदार के खिलाफ भी जांच कराई जाएगी, जिसके लिए जल्द ही कमेटी बनाई जाएगी।

अलग खबर

## रिकार्ड रूम में रखे दस्तावेज में छेड़छाड़ कर नामांतरण करने की आशंका



### एसडीएम से पहले ही निरस्त हो चुका नामांतरण आदेश

तहसीलदार अजय चंद्रवंशी द्वारा दस्तावेजों के साथ फर्जीवाड़ा कर नामांतरण का आदेश एसडीएम न्यायालय में भी निरस्त हो चुका है। इस आदेश के बाद आशीष तिवारी ने संभाग आयुक्त न्यायालय में प्रकरण लगाया था, जैतूसाव मठ के प्रमुख अजय तिवारी ने बताया कि तहसीलदार ने जिस व्यक्ति के नाम पर नामांतरण किया है, उसका वालफोर्ट सिटी में करोड़ों का बंगला है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ रहता है, जबकि वह खुद को निहंग ब्रम्हचारी बताता है। उन्होंने कहा कि पुराने रिकार्ड में हेराफेरी कर ट्रस्ट की 57 एकड़ जमीन को आशीष तिवारी ने अपने नाम पर चढ़ा ली थी। इस फर्जीवाड़ा में शब्बीर हुसैन नामक व्यक्ति का भी रोल रहा है, जिसने फर्जी तरीके से समीर शुक्ला के नाम पर अपना आधार कार्ड बना लिया है। वह भी मंदिर की संपत्ति बिक्री का पैसा पावती देकर ले रहा है।

### प्रबंधक कलेक्टर का नाम विलोपित कर दूसरे के नाम चढ़ा दी संपत्ति

संभाग आयुक्त के आदेश में बताया गया है कि तत्कालीन तहसीलदार अजय चंद्रवंशी ने किस तरह से जैतूसाव मठ की करोड़ों की संपत्ति को आशीष तिवारी के नाम पर चढ़ा दी। इस आदेश में बताया है कि ट्रस्ट की संपत्ति का प्रबंधक स्वयं कलेक्टर है। इस संपत्ति को नामांतरण आदेश जारी करने से पहले दस्तावेजों से प्रबंधक कलेक्टर का नाम ही विलोपित कर दिया गया है। इससे पता चला कि नामांतरण करने के लिए तहसीलदार ने रिकार्ड रूम में रखे दस्तावेजों में छेड़छाड़ की है।

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## संभागायुक्त महादेव कावरे ने मंगाई थीं दावा-आपत्तियां

# भारतमाला घोटाले की अब चौतरफा जांच, 40 गांवों से 60 दावा-शिकायतें, खुलेंगे कई राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला घोटाले की अब चौतरफा जांच शुरू कर दी गई है। इस घोटाले में अभी तक ईओडब्ल्यू-एसीबी ही जांच कर रही थी, वहीं अब शासन के निर्देश पर रायपुर संभाग स्तर पर बनाई गई अलग-अलग चार कमेटियों ने भी इसकी जांच शुरू कर दी है। इस जांच में अब इस घोटाला की एक-एक परत के साथ कई राज खुलेंगे, क्योंकि जांच कमेटियों द्वारा भारत माला प्रोजेक्ट की अधिसूचना जारी होने से लेकर मुआवजा राशि वितरण, अधिसूचना जारी के बाद जमीनों का बटांकन, डायवर्सन के साथ प्रभावित किसानों को कितनी मुआवजा राशि मिली, किन-किन बैंक खातों में पहुंची और कितनी राशि कैसे और किसने निकाली, इन सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच की जाएगी, जिससे कई राज खुलने की संभावना है।

हरिभूमि लगातार

### थोक में शिकायतें

भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला में शासन के निर्देश पर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने दावा-आपत्तियां मंगाई गई थी। इसके बाद जिलेभर से करीब 40 ग्रामों से करीब 60 दावा-आपत्तियां भी लगाई गई हैं, इनमें कई शिकायतें भी शामिल हैं। ये दावा-आपत्तियां नायकबांधा, गिरोला, पचेड़ा, भेलवाडीह, तोरला, चरौदा आरंग, बोरियाखुर्द, टोकरो, परसदा, तोरला, सारंगी, कुर्द, सिवनीकला, निसदा, सिवनीमोवा, कुरूद, उरला-अभनपुर, गोइंदा, अकोलीकला, बिरोंदा, टेकारी सहित अन्य ग्राम की हैं।

### जांच बिंदु में नक्शा लीक का उल्लेख नहीं

इस घोटाला में ईओडब्ल्यू-एसीबी की जांच पड़ताल जारी है। इस जांच में अभी तक अधिसूचना जारी होने से पहले प्रोजेक्ट का नक्शा लीक से संबंधित बिंदु पर कोई जांच नहीं की गई है। इधर संभाग स्तर पर गठित की गई टीम के जांच बिंदुओं में भी नक्शा लीक से संबंधित बिंदु शामिल नहीं है। विभागीय सूत्रों के अनुसार नक्शा लीक से संबंधित कोई भी शिकायत नहीं की गई है, जिसके कारण इस बिंदु को जांच में शामिल नहीं किया गया है, जबकि इस घोटाले का जन्म नक्शा लीक से जुड़ा होने की पूरी संभावना है।


भारतमाला परियोजना घोटाला में एनएचएआई के अफसरों के भी शामिल होने की आशंका
अधिसूचना से पहले भारतमाला का नक्शा लीक, इसलिए टुकड़ों में बंटी जमीन

### ये शासकीय अधिकारी-कर्मचारी हो चुके हैं सस्पेंड

इस घोटाले में फंसे तत्कालीन अभनपुर एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, राजस्व निरीक्षक रोशनलाल वर्मा, नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण, पटवारी दिनेश पटेल, जीतेंद्र साहू, बसंती धृतलहरे, लेखराम पटेल निलंबित हो चुके हैं। इनमें से एक को भी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है, वहीं इस मामले में फंसे बिल्डर हरमीत खनूजा, उमा तिवारी केदार तिवारी और विजय सेन को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये चारों आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं।

### प्रशासन की जांच रिपोर्ट में खुलासा : बैक डेट पर बटांकन

जिला प्रशासन की कमेटी की पूर्व में की गई घोटाला की जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से लिखा है कि जिन किसान व उनके परिवार और उनके सदस्यों के नाम पर जो मुआवजा राशि बांटी गई हैं, उन किसानों की जमीन का खसरा नंबर अधिसूचना जारी होने से पहले एक के नाम पर था। राजस्व अधिकारी व कर्मचारियों ने मोटी कमीशन खाने के लालच में अधिसूचना जारी होने के बाद बैक डेट पर सभी किसानों की जमीन को कई टुकड़ों में बांटकर उनके परिवार के कई सदस्यों के नाम पर चढ़ा दी गई।

### गंभीर आपत्ति-शिकायतों की अलग-अलग चार टीम कर रही जांच

संभाग आयुक्त ने दावा-आपत्तियां एवं शिकायतों का पहले अपने स्तर पर परीक्षण किया है। इनमें से जो आपत्ती एवं शिकायतें गंभीर हैं, उनकी जांच के लिए संभाग स्तर पर चार टीम गठित की है। प्रत्येक टीम में 5-5 सदस्यों को रखा गया है, जिसमें अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार एवं आरआई को शामिल किया है। आयुक्त ने जांच टीम में शामिल सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। इस बैठक में उन्होंने घोटाला से संबंधित आई गंभीर दावा आपत्तियों एवं शिकायतों पर गहन जांच कर एक माह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### गंभीर शिकायतों पर जांच कर रही टीमें

भारतमाला घोटाला से संबंधित आई गंभीर दावा-आपत्तियां एवं शिकायतों की जांच के लिए चार कमेटी बनाई हैं। ये कमेटियां एक माह के भीतर जांच कर रिपोर्ट पेश करेगी। रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, जिस पर निर्णय लिया जाएगा।

- **महादेव कावरे,** संभागायुक्त रायपुर

## मध्य हिस्से से रूठा मानसून उत्तर में जमकर बरस रहा कुनकरी में 160 मिमी. बारिश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा से एक दिन पहले रायपुर तक पहुंचा दक्षिण-पश्चिम मानसून अभी भी मध्य हिस्से में सक्रिय नहीं हुआ है। पिछले चौबीस घंटे में इसके प्रभाव से उत्तर के सरगुजा संभाग में अच्छी बारिश हुई है। कुनकरी में वर्षा का आंकड़ा सर्वाधिक 160 मिमी. तक पहुंचा है। रायपुर में शुक्रवार को भी बादल छाए रहे, मगर फुहार पड़ने के अलावा तेज बारिश नहीं हुई।

▪ बीते बीस दिनों में रायपुर में केवल 35 .9 मिमी . वर्षा दर्ज

मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार एक जून से लेकर अब तक रायपुर में केवल 35.9 मिमी. ही बारिश हुई है, जो सामान्य से आधे से भी कम है। मानसून आने के बाद यहां केवल बादल छाए हुए हैं, जिससे अधिकतम तापमान घटकर सामान्य से नीचे जा चुका है, मगर बारिश नहीं हो रही है। शुक्रवार को सुबह से छाए बादल थोड़ी देर के लिए धीमे-धीमे बरसे और शांत हो गए। मानसून का प्रभाव सरगुजा संभाग में नजर आया है और यहां जमकर बारिश हुई। आंकड़ों के अनुसार कुनकरी में 160 मिमी. के अलावा कुसमी में 150 मिमी., सामरी में 120, बगीचा में 100, मनोरा एवं जशपुर में 90, सन्ना में 80, मुकडेगा, कांसाबेल में 70, दुलदुला, लैलूंगा में 60, कापू, चिरमिरी, तपकर एवं बैकुंठपुर में 50 मिमी. बारिश दर्ज की गई है। रविवार के बाद राज्य में वर्षा के प्रभाव में कमी आने की संभावना बन रही है। अभी एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण बिहार और उसके आसपास साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। इसके उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए क्रमिक कमजोर होने की संभावना है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से मेघालय तक विस्तारित है।

## खबर संक्षेप



### गोगो बेचने के आरोप में चार पान ठेले सील

**रायपुर।** गांजा पीने के लिए गोगो पेपर बेचने वाले पान ठेला संचालकों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में गुढ़ियारी पुलिस ने जांच के दौरान चार पान ठेलों को गोगो बेचने के आरोप में सील किया है। पुलिस ने जिन पान ठेला को सील किया है, उसमें पहाड़ी चौक स्थित कबीर पान पैलेस, दुर्गा चौक स्थित लक्की पान पैलेस, महतारी चौक स्थित निषाद पान पैलेस, भारत चौक स्थित श्री पान पैलेस शामिल हैं।

### चाय नाश्ता की दुकान से गांजा और शराब जब्त

**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक पान ठेले पर छापा मारकर चाय नाश्ता दुकान से 50 पौवा शराब के साथ 21 पुड़िया गांजा जब्त किया है। पान दुकान संचालक के खिलाफ पुलिस ने आबकारी तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बेंद्री स्थित चाय नाश्ता दुकान संचालक युवराज निषाद को गिरफ्तार किया है।

### 23 किलो गांजा जब्त, दुर्ग भिलाई के चार गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुर्ग, भिलाई के चार युवक-युवतियों को दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के 23 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ओडिशा से गांजा तस्करी कर दुर्ग, भिलाई बेचने के लिए ले जा रहे थे, तब पुलिस ने उन्हें तेलघानी नाका स्थित मालधक्का गोदाम के पास से गिरफ्तार किया। गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने श्याम तांडी, शिवा बघेल, निशा बग्गा तथा ईशा बग्गा को गिरफ्तार किया है।

### सिविल कांट्रेक्टर से बदमाशों ने की मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक सिविल कांट्रेक्टर ने एक्टिवा सवार दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर नगर निवासी पल्लव साहू ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पल्लव ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर पौने तीन बजे वह अपने घर जा रहा था। कालीमाता मंदिर चौक के पास एक्टिवा सवार दो युवक उसकी कार को ठोकर मार दिए। इसके बाद पल्लव वहां से निकल गया। शंकर नगर में बर्गर किंग के पास एक्टिवा सवार दोनों बदमाशों ने पल्लव की कार को ओवरटेक कर रोका और उस पर कार ठीक से नहीं चलाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

## पीएससी ने आगे खिसकाए उद्योग प्रबंधक परीक्षा के पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सहायक संचालक उद्योग व प्रबंधक भर्ती परीक्षा आगे खिसका दी है। पूर्व में जारी अधिसूचना के मुताबिक, यह भर्ती परीक्षा 6 जुलाई को होनी थी। अब यह परीक्षा 12 जुलाई को होगी। पीएससी ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर तिथि परिवर्तन की जानकारी अभ्यर्थियों को दी। हालांकि पीएससी ने इसका कारण स्पष्ट नहीं किया है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, परीक्षा ▶▶|शेष पेज 20 पर

▪ 6 जुलाई को होने वाली सहायक संचालक उद्योग व प्रबंधक भर्ती परीक्षा अब 12 जुलाई को

### 10 दिन पहले मालूम चलेंगे केंद्र

इसके पूर्व पीएससी द्वारा परीक्षा केंद्रों में वृद्धि की गई थी। पहले सहायक संचालक उद्योग व प्रबंधक भर्ती परीक्षा के लिए सिर्फ रायपुर में ही परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। बाद में कैंडिडेट्स की संख्या को देखते हुए 6 जिला मुख्यालयों में यह भर्ती परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अब रायपुर के साथ ही बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, अंबिकापुर और जगदलपुर में आयोजित होगी। पीएससी के अनुसार, प्रवेशपत्र परीक्षा के 10 दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। ऐसे में अभ्यर्थियों को किस जिले का आवंटन केंद्र के रूप में हुआ है, इसकी जानकारी भी जुलाई में ही हो सकेगी। अभ्यर्थियों को प्रवेशपत्र व्यक्तिशः नहीं भेजे जाएंगे। पीएससी की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा।

## कोटा में धर्मांतरण का आरोप, डेढ़ सौ से ज्यादा को पुलिस ने लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में धर्मांतरण को लेकर शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा के बीच जिन लोगों पर धर्मांतरण कराए जाने के आरोप लगे थे, उनमें डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए पास्टर सहित चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने धर्मांतरण कराए जाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

रामनगर इलाके में दिशा कालेज रोड में शनि मंदिर के पास धर्मांतरण कराए जाने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में बजरंगदल के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जिस जगह महिलाओं तथा ▶▶|शेष पेज 20 पर

### बजरंग दल के हंगामे के बाद पुलिस आई हरकत में

▪ जिन लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है उनमें पास्टर का नाम शामिल



### हिंदू देवी, देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप

थाने में शिकायत की गई कि इससे पूर्व भी मोहल्ले में नवरात्रि पर निकलने वाले सांग बाणा जुलूस को एक समुदाय विशेष के लोगों ने बंद करा दिया था। मंदिर में भी आरती के दौरान साउंड बाक्स बजने पर आपत्ति की थी। पास्टर अमित सिंह पर हिंदू देवी-देवताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करने का आरोप बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने लगाया है।

## अगले सत्र से बदल जाएंगी चौथी पांचवी सातवीं व आठवीं की किताबें

# एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम पढ़ेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अगले सत्र से चौथी, पांचवी, सातवीं और आठवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तकें बदल जाएंगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इस दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। 2025 के अंत तक बदलाव को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इसके बाद किताबें प्रकाशन के लिए पाठ्यपुस्तक निगम को प्रेषित कर दी जाएंगी। ये किताबें एनसीईआरटी के आधार पर तैयार की जा रही हैं। अर्थात एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम ही ▶▶|शेष पेज 20 पर

▪ वर्तमान सत्र में बदली गई हैं पहली से तीसरी और छठवीं की किताबें

### इसलिए बदलाव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी राज्यों के पाठ्यक्रम में बदलाव प्रस्तावित है। छात्रों को मात्र सर्टिफिकेट देने के स्थान पर उन चीजों को शामिल करने का प्रावधान है, जिसका आउटकम मिल सके। व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने पर भी फोकस किया गया है। एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के आधार पर पहले ही पाठ्यक्रम तैयार कर चुका है। ऐसे में विभिन्न राज्य एनसीईआरटी अर्थात राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के पाठ्यक्रम को कुछ बदलाव के साथ अडॉप्ट कर रहे हैं। छग भी इनमें से एक है। इसके अतिरिक्त 12वीं के बाद होने वाली प्रवेश परीक्षाओं से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एनसीईआरटी से ही सवाल पूछे जाते हैं। छात्रों को बड़ी परीक्षाओं के लिए तैयार करने स्कूल से ही बेस बनाने में इससे मदद मिल सकेगी।

### एआई को जोड़ने कवायद

छात्रों के स्कूली पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टॉपिक को भी जोड़ने की कवायद चल रही है, ताकि छात्र आधुनिक टेक्नोलॉजी से भी अपडेट रहें। रोबोटिक्स के बारे में भी छात्रों को पढ़ाया जाएगा। हालांकि कौन सी कक्षा में इन टॉपिक को जोड़ा जाएगा, यह अब तक निर्धारित नहीं किया जा सका है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इसके लिए विशेष टीम बनाई गई है। यह टीम सिलेबस और बदलावों पर कार्य रही है।

## उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अब तक घोषित नहीं किए गए हैं जेनेरिक इलेक्टिव विषय के शेड्यूल

*एनईपी के अंतर्गत छात्रों को अपने संकाय से बाहर एक अन्य विषय का करना है चुनाव*

# यह कैसी नीति? दूसरे वर्ष में प्रवेश, लेकिन कॉलेज छात्रों को क्या पढ़ाना है यह ही नहीं पता!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग की लेट-लतीफी से परेशान महाविद्यालय एक बार फिर हलाकान हो गए हैं। नवीन सत्र प्रारंभ हो चुका है, लेकिन महाविद्यालय प्रबंधन को यह ही समझ नहीं आ रहा है कि छात्रों को क्या पढ़ाएं? दरअसल, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अब तक जेनेरिक इलेक्टिव विषय का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को अपने संकाय के विषयों के अतिरिक्त अन्य संकाय के एक विषय का चुनाव करने की छूट मिलती है।उदाहरणस्वरूप कला संकाय का छात्र आर्ट्स के विषय पढ़ने के साथ ही एक अन्य विषय वाणिज्य अथवा गणित-विज्ञान संकाय का पढ़ सकते हैं। इसे ही जेनेरिक इलेक्टिव विषय नाम दिया गया है। कौन से संकाय के छात्र किस वर्ष कौन से विषय जेनेरिक इलेक्टिव के रूप में चुन सकते हैं, इसका शेड्यूल जारी नहीं किया गया है।

प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में पिछले शैक्षणिक सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई थी। प्रथम वर्ष के दोनों सेमेस्टर की पढ़ाई करने के बाद छात्र अब तीसरे सेमेस्टर में ▶▶|शेष पेज 20 पर

खास खबर



### अध्यापन नहीं

हमें अभी जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट के विकल्प ही नहीं बताए गए हैं। इस कारण नए सत्र के लिए हमने इसका शेड्यूल तय नहीं किया है।

- **डॉ.देवाशीष मुखर्जी,** प्राचार्य, महंत कॉलेज

### जुड़ते हैं अंक

एनईपीई में सेमेस्टर पद्धति से परीक्षा होने के कारण छात्रों को प्रत्येक 5 माह में परीक्षा का सामना करना पड़ रहा है। महाविद्यालयों पर भी समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने का दबाव है, ताकि परिणाम खराब ना हो। जेनेरिक इलेक्टिव विषय के अंक अंतिम नतीजों में जोड़े जाते हैं। इस कारण महाविद्यालय अधिक चिंतित हैं। गत शैक्षणिक सत्र में भी प्रथम सेमेस्टर के पश्चात द्वितीय सेमेस्टर में जेनेरिक इलेक्टिव विषय के चयन के दौरान कुछ संकाय के छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उस वक्त छात्रों को उन विषयों से संबंधिक विकल्प उपलब्ध नहीं हो सके थे, जिनका चुनाव उन्होंने प्रथम सेमेस्टर के दौरान किया था।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

योगः कर्मसु कौशलम्

योग संगम एवं हरित योग
#IDY2025



श्री नरेन्द्र मोदी
मान. प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़


# अंतर्राष्ट्रीय yoga दिवस 2025

**21 जून 2025 - शनिवार**

स्थान : रंजीता स्टेडियम, जशपुर (छ.ग.)

## "आपके स्वास्थ में योग के लाभ"

- शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है
- शरीर को मजबूत और लचीला बनाता है
- मानसिक तनाव को कम करता है
- ताकत और सहनशक्ति को बढ़ाता है
- रक्तचाप को नियंत्रित करता है
- योग प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है



श्री रूपनारायण सिन्हा जी
माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ योग आयोग

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

**विनीत- समस्त योगसाधक गण छ.ग.**

# नाक की हड्डी से बनी श्वांस नली की दीवार, तीन विभागों के डाक्टरों का ज्वाइंट ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्वांस नली में संकुचन और ब्लाक की समस्या से जूझ रहे मरीज के इलाज के लिए रायपुर मेडिकल कालेज से संबंधित तीन विभागों के डाक्टरों ने ज्वाइंट ऑपरेशन को अंजाम दिया। लंबी चली प्रक्रिया के दौरान सर्जरी के जरिए नाक की हड्डी की मदद से उसकी श्वांस नली की दीवाल बनाई गई। महीनेभर लंबी चली प्रक्रिया के बाद मरीज स्वस्थ हुआ और चैन की सांस लेने लगा। बिलासपुर के सिम्स से आंबेडकर अस्पताल रेफर हुए मरीज को श्वांस नली में जटिल सकुंचन की समस्या थी। इस समस्या के समाधान के लिए उसकी ट्रेकियोप्लास्टी विद एंटीरियर ट्रेकियल वॉल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी की गई। इस दुर्लभ और जटिल सर्जरी को पूरा करने के लिए रायपुर मेडिकल कालेज के ईएनटी, प्लास्टिक सर्जरी और रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डाक्टरों ने मिलकर ऑपरेशन पूरा किया। चिकित्सकों ने बताया कि चेहरे और गले के सीटी स्कैन के दौरान यह पता चला था कि उसकी श्वासनली में 2.4 सेमी लंबा नलिका संकुचन और 7 मिमी की पूर्ण स्टेनोसिस है। इस समस्या के पूर्ण समाधान के लिए दो चरणों में सर्जरी की गई। इसके तहत 24 दिसंबर 2024 को ईएनटी विभाग के डाक्टरों ने री-डू



ट्रेकियोस्टॉमी कर वायुमार्ग को पुनः स्थापित किया। इसके बाद लंबी प्रक्रिया और इंतजार के बाद 16 मई 2025 को पुनः ट्रेकियोप्लास्टी विद एंटीरियर ट्रेकियल वॉल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी की गई, जिसमें नाक के सेप्टल कार्टिलेज (हड्डी) का उपयोग कर ट्रेकिया के सामने की दीवाल बनाई गई। दस दिन इंतजार करने और रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद 26 मई को ओरल ईटी ट्यूब हटाने, नासिक इंटुबेशन और घाव बंद की प्रक्रिया की गई। इसके बाद मरीज को लंबी निगरानी में रखा गया, जिसके बिना मरीज ट्रेकियोस्टॉमी से सामान्य रूप से सांस ले पा रहा है और पूर्णतः स्वस्थ है और अच्छे से बातचीत कर पा रहा है।

### इन डाक्टरों ने निभाई भूमिका

इस लंबी और दुर्लभ तरह की सर्जरी को पूरी करने में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. दक्षेश शाह, ईनटी विभाग के डॉ. वर्षा मुंगुटवार डॉ. मान्या रॉय, डॉ. प्रोनब एवं डॉ. सुमन दास, एनीस्थिसिया विभाग की डॉ. जया लालवानी, डॉ. रश्मि नायक, डॉ. मंजू टंडन, डॉ. शाहिदा, डॉ. शशांक एवं रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉ. विवेक पात्रे और डॉ. विभा पात्रे भूमिका निभाई।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता श्रीमती सपना शुक्ला पति श्री अभिषेक कुमार शुक्ला निवासी परसु भवन, महावीर विद्यालय के पीछे, गुढियारी रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता मालती, पिता श्री रामा, निवासी ग्राम- नवागांव, विकासखंद अभनपुर तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम- नवागांव, प.ह.नं. 00019, रा. नि. मं. नवापारा, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 260, रकबा 0. 1300 हेक्टयर कृषि भूमि है, जिसको क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा।

**सो सूचना जाने।**

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 19/06/2025

**(गीतेश कुमार बैस)**
**अधिवक्ता**
**साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 98274-62029, 90090-57851**

# रायपुरा में 137 दुकानों के मामले में हाईकोर्ट का स्टे, तीन सप्ताह में निगम से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के रायपुरा इलाके में 137 दुकानों के मामले में शास्त्री बाजार सब्जी-फल मंडी थोक व्यापारी सोसाइटी के अध्यक्ष द्वारा लगाई गई याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने तक निगम द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। वहीं निगम को जवाब प्रस्तुत करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है।

शास्त्री बाजार सब्जी-फल मंडी थोक व्यापारी सोसाइटी ने रायपुरा में 137 दुकानों का निर्माण कराया था। इसके लिए निगम से अनुमति भी मांगी गई थी, लेकिन सोसाइटी ने इस अनुमति के अतिरिक्त 6 दुकानों का अवैध रूप से निर्माण करा लिया था। इसकी जानकारी होने पर निगम ने इन अवैध दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की थी। हालांकि इस कार्रवाई के बाद सोसाइटी ने 137 दुकानों में सब्जी और फल की दुकानें लगाने के लिए निगम से अनुमति मांगी है, लेकिन निगम ने यह तर्क देकर अनुमति देने से इनकार कर दिया कि दुकानों के निर्माण की अनुज्ञा कार्यालय प्रयोजन के लिए मांगी गई थी। सोसाइटी के इस आवेदन को निरस्त करने साथ निगम ने सोसाइटी अध्यक्ष को अंतिम नोटिस भेजा था, जिसके विरुद्ध अध्यक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है कि सुनवाई पूरी होने तक निगम किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करेगा, साथ ही निगम को तीन सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता को जारी की गई नोटिस पर जवाब मांगा है।

### हाईकोर्ट के आदेश का पालन किया जा रहा

हाईकोर्ट ने याचिका पर तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है। इस दौरान सुनवाई होने तक सोसायटी अध्यक्ष के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। इस आदेश का पालन होगा।

**- राजेश्वरी पटेल**, जोन-8 कमिश्नर

### कार्यालय प्रयोजन के लिए दी गई थी अनुज्ञा

रायपुरा में 137 दुकानों के निर्माण की अनुज्ञा कार्यालय प्रयोजन के लिए ली गई थी। इन दुकानों में सोसायटी द्वारा अब सब्जी और फलों की दुकान संचालित करना चाहती है। इसका स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया है।इस कारण से अनुज्ञा निरस्त की गई है।

**- मीनल चौबे**, महापौर, नगर निगम रायपुर

# डायोसिस बोर्ड ऑफ एजूकेशन के नाम से फर्जीवाड़ा, आधा दर्जन के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फर्जी लेटर पैड में पदाधिकारी बन कर शासन को गुमराह करने का आरोप

छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजूकेशन के नाम से फर्जी लेटर पैड में कथित तौर पर पदाधिकारी बनकर शासन को गुमराह करने की शिकायत पर पुलिस ने संस्था से जुड़े आधा दर्जन लोगों के खिलफ ठगी सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार यशराज सिंह वीनू बैनेट, वा. नागराजू, निलिमा राबिंस तथा अजय जान की शिकायत पर पुलिस ने जयदीप राबिनसन, नितीन लारेंस, रूपिका लारेंस, एसके नंदा, अजय उमेश जेम्स एवं बीके नायक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि नितिन लारेंस तथा अन्य ने पूर्व में फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में लारेंस ने अपने आपको छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजूकेशन का वायस चेयरमैन होना बताया था। जयदीप ने सीडीबीई का सचिव होना बताया था। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है, वे किसी पद में नहीं हैं। उन लोगों ने फर्जी लेटरपैड बनाकर एफआईआर दर्ज कराई है। प्रमाण के तौर पर उन लोगों ने रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसाइटी के दस्तावेज पुलिस के सामने पेश किए। जिन आधा दर्जन लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, उनके द्वारा कई अन्य जगहों में संचालित शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य, कर्मचारियों का अपने फर्जी लेटरपैड से निलंबन करने का आरोप लगाया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

दिनांक : 19 जून 2025
प्रकाशन संख्या : 0381

मैं, फुलेश्वरी पति नं. 14440421P, रैंक - हवलदार, नाम - धुज राम, निवासी ग्राम - सनौद, पोस्ट - सनौद, तहसील - गुरूर, जिला - बालोद, पिन कोड - 491222, छत्तीसगढ़, यह घोषित करती हूं कि मेरे पति के सेवा अभिलेखों में मेरा नाम "फुलेश्वरी" दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम "फुलेश्वरी निषाद" है।

इस संबंध में मैंने दिनांक 16.06.2025 को बालोद (छ.ग.) में नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर नाम में परिवर्तन किया है। साथ ही मैंने दिनांक 19.06.2025 को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, बालोद (छ.ग.) में शपथ पत्र क्रमांक 391 के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि:-

"फुलेश्वरी", जन्म तिथि 30.04.1986 (पति के सेवा दस्तावेज अनुसार) और "फुलेश्वरी निषाद", जन्म तिथि 30.04.1986 (मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3813 3766 1400 व पैन कार्ड के अनुसार) एक ही व्यक्ति हैं।

इसलिए अब से मैं अपना नाम "फुलेश्वरी निषाद" के रूप में प्रयुक्त करूंगी।

फुलेश्वरी निषाद
(शपथकर्ता)

**नाम परिवर्तन सूचना**

दिनांक : 19 जून 2025
विज्ञप्ति क्रमांक : 143980
स्थान : जिला बालोद, छत्तीसगढ़

मैं, सुंदर सिंह, पिता क्रमांक 14440421P, रैंक - हवलदार, नाम - श्री धुज राम, निवासी - ग्राम सनौद, पोस्ट - सनौद, तहसील - गुरूर, जिला - बालोद, पिन - 491222 (छत्तीसगढ़), यह घोषित करता हूँ कि मेरे पिता के सेवा अभिलेखों में मेरा नाम "सुंदर सिंह" एवं जन्म तिथि 01/07/1956 दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम "सुंदर सिंह निषाद" तथा जन्म तिथि 04/02/1965 है, जो कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में दर्ज है।

इस संबंध में मैंने दिनांक 16.06.2025 को बालोद (छत्तीसगढ़) के नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर नाम परिवर्तन किया है, और दिनांक 19.06.2025 को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, बालोद में शपथ पत्र क्रमांक 391 के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि:-"सुंदर सिंह" (जन्म तिथि 01/07/1956) और "सुंदर सिंह निषाद" (जन्म तिथि 04/02/1965) एक ही व्यक्ति हैं।

अतः अब से मैं अपने सभी दस्तावेजों, कार्यों एवं शासकीय/अशासकीय रिकॉर्ड में अपना नाम "सुंदर सिंह निषाद" के रूप में प्रयुक्त करूंगा।

सुंदर सिंह निषाद
(शपथकर्ता)

**शपथ पत्र**

मैं मोहम्मद अरशद वल्द श्री मोहम्मद रियाज़ पता सैलानी नगर, संजय नगर, रायपुर छ.ग. नीचे लिखे अनुसार शपथ पत्र पेश करता हूँ:-

1. यह कि मेरा सही नाम अंग्रजी भाषा में **MOHAMMAD ARSHAD** लिखा जाता है।
2. यह कि, मैं अपने स्कूल के रिकार्ड में अपना नाम अंग्रेजी भाषा में **MOHAMMAD ARSHAD** दर्ज करवाना चाहता हूँ।
3. यह कि, मेरा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की मार्कशीट में मेरा नाम भूलवश **MD ARSHAD** दर्ज हो गया है, जिसे मैं अब अपनी कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की मार्कशीट में अपना पुरा नाम अंग्रेजी भाषा में **MOHAMMAD ARSHAD** दर्ज करवाना चाहता हूँ, जिसके लिए यह शपथ पत्र पेश है।
4. यह कि, मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सभी जानकारी सही व सत्य है, कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में शपथ पत्र पेश है। **शपथकर्ता**

**-: सत्यापन :-**

मैं सत्यापित करता हूं, कि उक्त शपथ पत्र में उल्लिखित सभी तथ्य सही हैं आज दिनांक 20.06.2025 को रायपुर छ.ग. में मैंने अपना हस्ताक्षर किया। **शपथकर्ता**

**:: उद्घोषणा ::**

क्रमांक 6909/आर सी./ रा.वि.प्रा. / 2025
रायपुर दिनांक 19.06.2025

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्री संतोष अग्रवाल पिता स्व. रामगोपाल जी अग्रवाल को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-146 रकबा 96.875 वर्गमीटर सेक्टर 8ए में आबंटित हैं। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड को बंधक रख चोलामण्डल इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया गया किन्तु ऋण का भुगतान समयावधि में नहीं किये जाने पर ऋण 'शोधन अधिकरण रायपुर के ऋण वसूली प्राधिकारी द्वारा उक्त संपत्ति को विक्रय कर ऋण वसूलने का आदेश पारित किया गया। चोलामण्डल इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड द्वारा अधिकृत अधिकारी श्री प्रखर शर्मा द्वारा (Certificate of Sale) के अनुसार श्री आशुतोष निगम पिता श्री सतगुरू दयाल निगम निवासी-127, शिक्षक कांग्रेस गृह निर्माण समिति, बागमुगालिया हुजुर, भोपाल मध्यप्रदेश उक्त भूखण्ड को दिनांक 22.09.2023 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक ........ को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

राज्य उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला

# एसबीआई जीवन बीमा कंपनी को 50 लाख भुगतान करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पति की मृत्यु के बाद बीमारी छिपाने का आरोप लगाकर बीमा कंपनी ने बीमा राशि देने से किया था इनकार

राज्य उपभोक्ता फोरम ने फैसला सुनाते हुए एसबीआई जीवन बीमा कंपनी को एक महिला को उनके पति की मौत के बाद 50 लाख रुपए बीमा राशि सात प्रतिशत ब्याज तथा 10 हजार क्षतिपूर्ति राशि के साथ भुगतान करने का फैसला सुनाया है। उपभोक्ता फोरम ने यह फैसला केशकाल निवासी सावित्री सलाम के आवेदन पर सुनाया है। न्यायमूर्ति गौतम चैरड़िया एवं सदस्य प्रमोद कुमार वर्मा की पीठ ने सावित्री के पक्ष में फैसला सुनाया। सावित्री ने राज्य उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर कर अपने पति की मृत्यु के बाद एसबीआई जीवन बीमा कंपनी पर बीमा राशि भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया था। सावित्री ने उपभोक्ता फोरम को जानकारी देते हुए बताया कि उनके पति की मृत्यु 16 जून 2021 को हुई थी। इसके बाद उसने अपने पति की पॉलिसी क्लेम किया। बीमा कंपनी ने यह कहते हुए क्लेम खारिज कर दिया कि उसके पति ने बीमा प्रस्ताव पत्र में अपनी पूर्व की बीमारी एवं इलाज के संबंध में गलत जानकारी दी थी। क्षुब्ध होकर परिवादिनी ने जिला उपभोक्ता फोरम कांकेर में परिवाद पेश किया। जिला उपभोक्ता फोरम ने क्लेम की राशि देने का फैसला सुनाया। इसके बाद बीमा कंपनी ने राज्य उपभोक्ता फोरम में आवेदन पेश किया। राज्य उपभोक्ता फोरम ने भी सावित्री के पक्ष में फैसला सुनाया।

## पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन का उद्घाटन कल

रायपुर। श्री रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर के नवनिर्मित पुष्करणा सभा सदन का लोकार्पण 22 जून को होने जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे एवं पूर्व विधायक दुर्ग अरुण वोरा होंगे। कार्यक्रम बूढ़ेश्वर मंदिर पुरानी बस्ती में दोपहर 1 बजे शुरू होगा। मुख्य ट्रस्टी चंद्रप्रकाश व्यास ने उक्ताशय की जानकारी दी।

**बिजनेस साइट**

## सही थीम की पहचान करना क्यों मुश्किल है और थीमैटिक फंड कैसे मददगार हैं



**दीपक दत्त शर्मा**
**डायरेक्ट एंड एम एफ किंग, रायपुर**

**रायपुर।** इक्विटी मार्केट में प्रचलित थीम की पहचान करने में औसत निवेशक का काफी समय और ऊर्जा खर्च होती है। एक बार थीम पहचान लेने के बाद, अगला कदम यह पता लगाना होता है कि इसका लाभकैसे उठाया जाए। इसके बाद महत्वपूर्ण सवाल आता है, क्या यह निवेश करने का सही समय है या निवेशक बहुत देर से प्रवेश कर रहा है, साइकिल के शिखर पर, जब वैल्यूएशन पहले से ही अस्थिर है? बाजार से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए "नैरेटिव स्टॉक" का पोर्टफोलियो बनाने की जटिल और अक्सर थका देने वाली प्रक्रिया को देखते हुए, थीमैटिक फंड के माध्यम से निवेश करना एक आकर्षक विकल्प है। पेशेवर एसेट मैनेजमेंट कंपनियों द्वारा प्रबंधित ये फंड उभरते बाजार के नैरेटिव के लाभों को व्यवस्थित रूप से प्राप्त करते हैं। एक स्ट्रक्चर्ड प्रोसेस का उपयोग करके, वे अनुकूल रिस्क रिवॉर्ड बैलेंस बनाए रखते हुए अल्फा जेनरेट करने का लक्ष्य रखते हैं। आश्चर्य की बात नहीं है कि सेक्टोरल / थीमैटिक फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड के भीतर सबसे बड़ी कैटेगिरी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट 4.7 लाख करोड़ रुपये है, जो एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 के अंत में कुल इक्विटी एयूएम का लगभग 15.83 प्रतिशत है।

व्यक्तिगत निवेशकों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक सेक्टर-मैक्रो सहसंबंधों के बारे में समय पर और गहन नॉलेज तक पहुंच की कमी है। समय की कमी और सीमित रिसर्च रिसोर्सेज के कारण, बाजार साइकिल्स में जानकारी के आधार पर दांव लगाना मुश्किल है। बाजार चक्र के चरण के आधार पर सेक्टर और थीमैटिक प्रदर्शन व्यापक रूप से भिन्न हो सकते हैं। चूंकि विनर्स घूमते हैं, इसलिए लगातार सही सेक्टर चुनना लगभग असंभव है, और साइकिल के गलत साइड में फंसना न केवल रिटर्न बल्कि निवेश किए गए मूलधन को भी महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है।

दूसरी ओर, थीमैटिक फंड समर्पित फंड मैनेजरों की विशेषज्ञता से लाभान्वित होते हैं। वे सिस्टेमेटिकली तौर पर व्यापक इकोनॉमिक ट्रेंड्स का मूल्यांकन करते हैं, उभरते थीम्स की पहचान करते हैं, और उसी के अनुसार प्रमुखता का एलोकेशन करते हैं। इसके अतिरिक्त, थीमैटिक फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) को अनुकूल टैक्स ट्रीटमेंट का लाभ मिलता है। थीमैटिक फंड 24 महीने से ज्यादा समय तक रखे गए फंड-ऑफ-फंड पर सिर्फ 12.5 प्रतिशत का लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स लगता है, जिससे टैक्स के बाद मिलने वाला रिटर्न बढ जाता है। ऐसा ही एक फंड है जिसमें निवेशक निवेश करने पर विचार कर सकते हैं, वह आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ) है। यह फंड ऑफ फंड स्कीम विभिन्न क्षेत्रों और निवेश थीम में उभरते अवसरों में निवेश करने के लिए डिजाइन की गई है। यह फंड ऑफ फंड्स स्कीम सेक्टोरल और थीमैटिक फंड के विविधतापूर्ण मिक्स में निवेश करती है। 30 मई, 2025 तक, फंड ने एक साल में 20.85 प्रतिशत का काफी ठोस रिटर्न दिया, जिसमें तीन साल में 21.38 प्रतिशत का सीएजीआर रिटर्न और पांच साल में 28.74 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न था।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री टकेश कुमार बान्धे पिता श्री लभ्भूराम बान्धे निवासी- वॉर्ड नं. 01, भाठापारा, ग्राम बरौदा, पोस्ट माना केम्प, रायपुर तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा सोहन लाल सिन्हा पिता श्री परमेश्वर सिन्हा निवासी- संतोषी चौक, कुशालपुर, जिला रायपुर छ.ग. के भूमि स्वामी हक में दर्ज भूमि ग्राम माना प.ह.न. 80/56, रा.नि.म. रायपुर- 18- कांदुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख. न. 842/6 रकबा 30x93=2790 को मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि का भुगतान कर दिया है तथा शेष राशि विक्रय पंजीयन के समय विक्रेता को उप पंजीयक कार्यालय में चेक/आनलॉईन के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/ अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेंवे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा ।

दिनांक- 19/06/2025
स्थान- अभनपुर

**सुरेश कोसरे**
**अधिवक्ता रायपुर छ.ग.**
**पता- शॉप नं. 23,**
**कामर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर 29,**
**नया रायपुर अटल नगर जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.-79878 65054**

SHREE RAM MULTI SPECIALITY HOSPITAL
लोकः समस्त सुखिनों भवन्तु
70 बिस्तरीय हॉस्पिटल
उच्चस्तरीय क्रिटिकल केयर और ट्रॉमा सेंटर
FACILITIES :
• जनरल मेडिसीन • जनरल सर्जरी
• प्रसूति एवं स्त्री रोग • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी
• बर्न एवं चोट • यूरोलॉजी • नेफ्रोलॉजी • पीडियाट्रिक
• गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी • नाक, कान, गला • डेंटल
• फीजियोथेरेपी • ऑप्थल्मोलॉजी • कैंसर
• कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी
24x7 आपातकालीन सेवा, ट्रॉमा सेंटर एवं गंभीर मरीजों का उचित देखभाल
आपातकालीन के लिए
8404 8404 79
CSPDCL कर्मचारियों के लिए कैशलेश | आयुष्मान योजना द्वारा निःशुल्क उपचार
NOW CASHLESS TIE-UP WITH
STAR Health Insurance • Bajaj Allianz • Safeway Insurance TPA Pvt. Ltd. • Genins India Insurance TPA LTD • TATA AIG • SBI general • MedSave • Chola MS • Aditya Birla Capital Health Insurance • East West Assist TPA
CASHLESS HEALTH CHECK UP
Mediwheel • CallHealth • Health Assure • HealthLedger
UNDER SCHEME CASHLESS ANYWHERE
HDFC ERGO • Medi Assist
Near Railway Under Bridge, Basant Vihar Gate No. 1, Gondwara Chowk, Gudhiyari, Raipur (C.G.)
Phone : 0771-4343161, 4340162, Email : shreeramhospital.op@gmail.com
website : www.srmhraipur.com

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmultispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. मेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 21 जून 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

> अपनी शारीरिक समस्याओं लेकर आने वाले मरीजों को दवा के साथ डॉक्टर योग की सलाह भी देते रहे हैं। राजधानी के चिकित्सक एवं आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डॉ. विनय वर्मा नियमित रूप से योगाभ्यास करते हैं और जरूरत के मुताबिक मरीजों के प्रिस्क्रिप्शन में योग को शामिल करते हैं। उनका तर्क है कि दवा के साथ मानसिक शांति के लिए योग जरूरी है और यह कई बीमारियों की रोकथाम में कारगर भी है। डॉ. वर्मा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि भले ही योग किसी बीमारी को खत्म नहीं कर सकता, मगर उसकी रोकथाम में मददगार जरूर हो सकता है।

# डॉक्टर खुद करते हैं योग, मरीजों को भी पर्ची में लिखते हैं योगासन की सलाह

## चिकित्सकों का तर्क- योग अवसाद सहित कई बीमारियों के लिए कारगर



दीप योग ग्रुप की दीपा व चित्रा साहू के साथ योग साधना करती वंदना वर्मा

**रायपुर।** श्वांस संबंधी रोग, मानसिक समस्या से जूझ रहे लोगों और न्यूरो संबधी समस्याओं के पीड़ितों को उपचार के दौरान दवाओं के साथ योग भी कराया जाता है। प्रसवकाल के दौरान तो गर्भवती महिलाओं को बकायदा कई तरह के योग करने की सलाह दी जाती है, ताकि उनकी प्रसव पीड़ा को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि योग से मिलने वाली ऊर्जा और उससे मिलने वाले लाभ के बारे में जानकर वे नियमित योगाभ्यास करते हैं। साथ ही इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भी समस्याओं के हिसाब से दवाओं की पर्ची में प्राणायाम सहित कुछ योगाभ्यास करने की सलाह भी देते हैं।



### सर्जरी के बाद शरीर को जल्द स्वस्थ बनाने में योग मददगार



आंबेडकर अस्पताल से नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. मान्या ठाकुर रॉय ने बताया कि सर्जरी के बाद मरीजों को रोजाना आसन एवं प्राणायाम की सलाह दी जाती है। बीते पांच सालों से योग दैनिक दिनचर्या में शामिल है। ऐसे में मरीजों को भी सर्जरी के बाद बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग करने की समझाइश दी जाती है। नाक, कान, गला के मरीजों को सर्जरी के बाद अनुलोम-विलोम, भ्रामक, योगिक आसन, भुजंगासन और मत्स्यासन की सलाह दी जाती है। यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होता है। जहां मरीजों की शरीर में सप्ताहभर में भी धीरे-धीरे प्रभाव देखा जा सकता है।

### योगाभ्यास से पैनिक अटैक की शिकायत खत्म

ऐश्वर्या किंगडम कचना निवासी अमिता अग्रवाल को 8 साल पहले एसिडिटी की समस्या के कारण दवाओं का सेवन करना पड़ता था। वे कहती हैं, अम्ल की अधिकता से होने वाली बीमारी से परेशान थी। 4 साल पहले कॉलोनी के क्लब हाउस में योगाभ्यास के लिए जाने लगी। अभी की स्थिति में मुझे इस तरह की कोई समस्या नहीं है। योग करने से ऑक्सीजन लेवल और स्टेमिना बढ़ने से काफी राहत महसूस करती हूं। योग से रोग को मात देने से दवाओं से नाता टूटा, पहले ऐसा नहीं था। आमासिवनी के जलाराम अपार्टमेंट में रहने वाली जसमीत जोशी ने यादें साझा करते हुए बताया कि 5 साल पहले एंग्जायटी की समस्या थी। साथ में पैनिक अटैक की शिकायत होने पर सालभर पहले जांच कराई। योगाभ्यास से इन समस्याओं से छुटकारा मिलने की जानकारी पता चली। दवा मैंने किसी समस्या से राहत के लिए नहीं ली। नियमित योग करने से मुझे सभी रोगों से छुटकारा मिला। अभी मुझे किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। इससे पहले घबराहट व बेचैनी जैसी कई दिक्कतें थीं।

### डॉक्टर की सलाह पर शुरू किया योग, अब दवाओं से मिली मुक्ति

शहर में कई ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने वर्षों दवा का सेवन करने के बाद अंत में योग का सहारा लिया। इसका रिजल्ट यह हुआ है कि अब उन्हें दवा खाने की जरूरत नहीं रही। कई ऐसे भी हैं, जिन्होंने डॉक्टर के पास जाना भी बंद कर दिया है। ऐसे लोगों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि योगाभ्यास से रोग को मात देने के बाद अब सामान्य जीवन जीने में उत्साह का अनुभव होता है। योगाभ्यास से कई बीमारियों से छुटकारा पाने वालों में महिलाएं आगे हैं। वे कहती हैं कि दवा खाए कई महीने हो चुके हैं। पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, गोमुखासन से कई तरह के विकारों से हमेशा के लिए छुटकारा मिल गया है। सड्डू में कैपिटल सिटी-वन निवासी संगीता दास बताती हैं कि दो साल पहले मुझे थायराइड व डायबिटीज की शिकायत थी। तब बचाव के लिए मुझे 100 एमजी की दवा लेनी पड़ती थी। योग के बारे में पता चलने पर प्रशिक्षण के लिए जाना शुरू किया। नियमित योग से मुझे दोनों ही तरह के रोगों से छुटकारा मिल चुका है। विगत 50 दिनों से मैंने किसी प्रकार की दवा का सेवन नहीं किया। योग शुरू करने से दवाओं का सेवन भी 50 एवं 25 एमजी हुआ, अब दवा की जरूरत नहीं है।

### 20 साल से हर मरीज को योग करने की सलाह



आंबेडकर अस्पताल के सर्जरी विभाग से डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि रोजाना सुबह योग करने से तनाव का स्तर कम होता है, साथ ही मरीज कम समय में रिकवरी कर पाते हैं। लगभग 20 से लगातार मरीजों को योग की सलाह दे रही हैं, साथ ही दैनिक जीवन में योग शामिल किया है। सर्जरी के बाद मरीजों को दवाईयों के साथ योग करने की सलाह दी जाती है, जो उनके बेहतर स्वास्थ्य में मदद करता हैं। साथ ही महिलाओं को योग से संबंधित जानकारी दी जाती है, जिसमें नियमित रूप से योग करने से 30 प्रतिशत ब्रेस्ट कैंसर की समस्या को दूर किया जा सकता हैं। साथ ही योग से शरीर में तंदुरूस्ती बनी रहती है, इससे शरीर में मोटापा कम होता है और सर्जरी के बाद मरीजों को कम समस्या होती है।

### 40 की उम्र में स्पाइनल प्रॉब्लम दो बार सर्जरी से भी राहत नहीं मिली, तब योग को चुना

स्वर्ण भूमि कॉलोनी विधानसभा रोड रायपुर निवासी रिटायर्ड स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. राधा शर्मा कहती है कि आज 65 साल के उम्र में भी स्वस्थ हूं तो इसकी वजह योग है। ओमान देश में 1993 से 2023 तक करीब 32 वर्षों तक एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ के तौर सेवाकाल के दौरान उम्र के 40 वर्ष के पड़ाव आया तो मैं स्पाइनल से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधित समस्या से जूझने लगी। स्पाइनल की दो बार सर्जरी के बावजूद मुझे दर्द से राहत नहीं मिली। फिर रोजाना 30 मिनट से एक घंटे तक मेडिटेशन शुरू किया। वहीं 2019 में भारतीय योग संस्थान से जुड़ी और नियमित तौर पर योगासन, भुजंगासन और नौकासन समेत विविध योगाभ्यास करने लगी। इससे मेरी स्पाइनल के दर्द से जुड़ी समस्या से धीरे-धीरे राहत मिलने लगी, तब से आज तक मेरा दिनचर्या में नियमित योग शामिल हो गया। पिछले 11 वर्षों से रोजाना सुबह 4 बजे जागती हूं, 30 मिनट से लेकर एक घंटे तक घर में पहले ध्यान करती हूं, इसके पश्चात सुबह 5.30 बजे कॉलोनी स्थित उद्यान में भारतीय योग संस्थान के सदस्यों के साथ सुबह 7 बजे तक नियमित गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ योगासन, प्राणायाम सहित अलग-अलग रोगों के प्रति लाभकारी योग कर रही हूं। योग मेरे जीवन में बड़ा महत्व रखता है। इससे मैं आज स्वस्थ व दर्द से मुक्त हो पाई।



**ओमान देश में स्त्रीरोग विशेषज्ञ के तौर पर डॉ. राधा शर्मा ने दी सेवा, योग ने दिलाया दर्द से छुटकारा**

### प्रसूति एवं स्त्रीरोग मरीजों के लिए योग फायदेमंद

प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति जायसवाल ने बताया कि नियमित योग से जीवन में स्थिरता बनी रहती हैं। लगभग 4-5 सालों से नियमित योग कर रही, साथ ही मरीजों को भी योग से जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी है। शहर के आंबेडकर अस्पताल में महिलाओं के लिए हर सप्ताह योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कराया जाता है और प्रसूति एवं स्त्रीरोग मरीजों को योग की सलाह दी जाती है। डॉ. ज्योति आंबेडकर अस्पताल में विभागाध्यक्ष है, जो मरीजों को व्यायाम, आसन एवं नियमित ध्यान से संबंधित जानकारी मरीजों तक पहुंचाती हैं।



## इंडोनेशिया सरकार ने योगाचार्य को दिया इंटरनेशनल योगा-डे स्पीकर का अवार्ड



**योगाचार्य प्रो. कप्तान सिंह ने विदेश मंत्रालय की प्रतिनियुक्ति पर विश्व के चार देशों में किया योग का प्रचार-प्रसार**

प्रो. कप्तान सिंह ने जापान, चाइना, इंडोनेशिया, पूर्वी तिमोर जैसे देशों में योग संस्थानों की स्थापना व मेडिटेशन स्पीकर के रूप में योग का प्रचार-प्रसार करने का अद्वितीय कार्य किया है। इसके लिए उन्हें इंडोनिशया सरकार ने 2016 में बाली इंडोनेशिया में इंटरनेशनल योगा-डे स्पीकर अवार्ड से नवाजा था। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर में योगाचार्य प्रोफेसर के तौर पर पदस्थ कप्तान सिंह ने बताया कि उन्होंने 2009 से 2012 तक भारतीय राजदूतावास जापान में विदेश मंत्रालय भारत सरकार की प्रतिनियुक्ति पर योगाचार्य के रूप में योगशिक्षा का प्रचार व ट्रेनिंग देने का कार्य किया है। वहीं 2015 में चाइना में प्रथम विश्व योग दिवस पर योग ऑब्जर्वर बनकर राष्ट्रीय नेतृत्व का कार्य किया। 2016 में इंडोनिशिया के बाली में द्वितीय विश्व योग दिवस पर योग व मेडिटेशन सिखाया। इसी वर्ष 25 जून 2016 को पूर्वी तिमोर देश में द्वितीय विश्व योग दिवस यूनाइटेड नेशन पीस टीम आर्मी के साहयोग से मनाया गया। जहां योगाचार्य के रूप में राष्ट्रीय नेतृत्व करते हुए यहां के लोगों को योग सिखाने व उनके मानव जीवन में महत्व का प्रचार-प्रसार किया। योगाचार्य प्रो. कप्तान सिंह ने आगे बताया कि भारतीय संस्कृति संबंध परिषद विदेश मंत्रालय भारत सरकार की ओर से उन्हें योगाचार्य के रूप में विश्व के इन देशों में योग संस्थाओं की स्थापना व प्रचार प्रसार करने का सौभाग्य मुझे मिला। कप्तान सिंह ने आगे भी अवसर मिलने पर योग के महत्व को विश्व के विभिन्न देशों तक पहुंचाने की इच्छा जताई।

## आज यहां योग का संगम

### आयुर्वेदिक में योगाभ्यास कार्यक्रम


'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' अवसर पर संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में छग आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर में पंजीकृत आयुर्वेद तथा प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा वृहद योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ निर्धारित किया गया है। परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य के विभिन्न आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सक संगठनों द्वारा शासकीय, अशासकीय संस्थाओं, सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों का योग संगम पोर्टल पर पंजीयन कराया जा रहा है। योग दिवस से संबंधित आयोजनों के फोटो और विडियो इस पोर्टल पर अपलोड करने के बाद पंजीकृत संस्थाओं व संगठनों को डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य में कुल 5836 आयुर्वेद तथा 197 प्राकृतिक तथा योग चिकित्सक पंजीकृत हैं जो शासकीय और निजी क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

- योग दिवस पर भारतीय योग संस्थान के 35-40 केंद्रों में सामूहिक रूप से योग किया जाएगा। इस मौके पर संस्थान के सदस्य श्रीकृष्ण नगर मैदान पहाड़ी चौक, डब्ल्यू आर एस कॉलोनी, शिवसाई हनुमान मंदिर गायत्री नगर, सेल टैक्स कॉलोनी गार्डन, आनंद नगर गार्डन, अवंति विहार गणेश मैदान, प्रियदर्शिनी नगर कंधकोटा भवन, मेडिकल कॉलेज, मेकाहारा, दुर्गा कॉलेज और एम्स अस्पताल में सुबह 5:30 से 7:30 तक योग प्रशिक्षण देने पहुंचेंगे।
- जेआर दानी शासकीय कन्या विद्यालय में मीडिल स्कूल के छात्राएं स्कूल परिसर में सुबह 6 बजे शामिल होंगे। वही हाई स्कूल के छात्राएं इंडोर स्टेडियम में योगाभ्यास के लिए शामिल होंगे।
- जेसीआई वामा कैपिटल के सदस्य सामूहिक योग प्रशिक्षण के लिए शामिल होंगे। इस मौके पर सुबह 7:30 बजे प्रिया डांस स्टूडियो में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर गायत्री शक्तिपीठ, समस्य प्रज्ञापीठ एवं प्रज्ञा मण्डल द्वारा आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान समता कॉलोनी एवं दावड़ा कॉलोनी में लगभग 15-20 से योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### गंभीर रोगों से राहत दिलाने योग बना सहायक, एलोपैथी डॉक्टर भी दे रहे सलाह


राजधानी के एलोपैथी डॉक्टर भी गंभीर बीमारियों के इलाज के साथ योग को उपचार का पूरक मानने लगे हैं। शहर के एलोपैथी चिकित्सक डॉ. कुलदीप सोलंकी अपने मरीजों को दवाओं के साथ योग करने की सलाह भी दे रहे हैं। वे रोग की प्रकृति के अनुसार सूर्य नमस्कार, पवन मुक्तासन, अनुलोम-विलोम जैसे आसान योगासन और प्राणायाम करने की हिदायत देते हैं। डॉ. सोलंकी का कहना है कि नियमित योग न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखने में मददगार है, बल्कि यह रोगों से जल्दी रिकवरी में भी सहायक सिद्ध हुआ है। योग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मांसपेशियों में कॉन्ट्रैक्शन के दौरान एरोबिक मेटाबॉलिज्म को सक्रिय करता है, जिससे शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है और ऊर्जा का संचार होता है। योग अभ्यास के दौरान 10–15 मिनट के अंतराल में अनुलोम-विलोम और भस्त्रिका जैसे प्राणायाम करने से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है और मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है। इससे शरीर में जमा लैक्टिक एसिड बाहर निकलता है, जो थकान को कम कर जोश और स्फूर्ति बढ़ाता है। मेक्सिको में हुई अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च में पता चला है कि नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करने वाले लोगों में हृदय और फेफड़े स्वस्थ रहते हैं। रोजाना 5 बार सूर्य नमस्कार करने से मोटापा, डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम और कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों की आशंका भी कम होती है, इसलिए मरीजों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जाता है।





**एजूकेशन अपडेट**

## एचपीवी और कैंसर को लेकर विशेषज्ञों ने दिया टीकाकरण पर जोर, बढ़ाई जागरूकता




**रायपुर।** देशभर में एचपीवी और इससे जुड़ी बीमारियों को लेकर चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत रायपुर में 'कॉनकर एचपीवी एंड कैंसर कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन किया गया। यह पहल सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के पब्लिक हेल्थ इनिशिएटिव का हिस्सा है। कार्यक्रम में रायपुर के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों ने हिस्सा लेकर एचपीवी संक्रमण और इससे संबंधित कैंसरों की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई और इसके रोकथाम हेतु सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताई। विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में एचपीवी संक्रमण, खासकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। इंफॉर्मेशन सेंटर ऑन एचपीवी एंड कैंसर (2023) के अनुसार, भारत में हर साल सर्वाइकल कैंसर के करीब 1.23 लाख मामले सामने आते हैं, जिनमें से लगभग 77,000 महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। विशेषज्ञों ने जानकारी दी कि सर्वाइकल कैंसर के अलावा वलवा, वैजाइना, गुदा, लिंग और ओरोफेरिंक्स जैसे कैंसर भी एचपीवी से संबंधित हैं, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों को प्रभावित करते हैं। संक्रमण का सबसे अधिक खतरा 15 से 25 वर्ष की उम्र के बीच होता है। कॉनक्लेव में रायपुर के कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने विचार साझा किए, जिनमें डॉ. नीरजा अग्रवाल, डॉ. आशा जैन, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. के. पी. सरभाई,डॉ. के. पी. सरभाई , डॉ. राघवेंद्र सिंह शामिल थे।

### कम लागत में एचपीवी का टीका उपलब्ध

कार्यक्रम का संचालन डॉ. किरण माखीजा ने किया। सभी विशेषज्ञों ने एकमत से कहा कि समाज को एचपीवी से जुड़ी जानकारियां देना और किशोरों में जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि अब कम लागत में एचपीवी का टीका उपलब्ध है, जिससे संक्रमण और कैंसर की रोकथाम संभव है। विशेषज्ञों ने सरकार और समाज से अपील की कि किशोर-किशोरियों को इस टीकाकरण के दायरे में लाने के लिए सामूहिक प्रयास हों और स्कूल स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए।

**एनआईटी में तीन नए आधुनिक क्लासरूम एफ-40, एफ-13, एफ-38 और डाटा साइंस एंड एनॉलिटिक्स प्रयोगशाला स्थापित**

# एनआईटी के आधुनिक डाटा साइंस लैब में होंगे उच्च स्तरीय रिसर्च, हाईटेक क्लासरूम में डिजिटल माध्यम से स्टडी

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में नए सत्र से स्टडी और रिसर्च कार्य आधुनिक होगा। इसके लिए संस्थान में स्टूडेंट्स को हाईटेक स्मार्ट क्लासरूम और डाटा साइंस एंड एनॉलिटिक्स लैब स्थापित किया गया है। एनआईटी के मीडिया को-ऑर्डिनेटर तनुज भावार ने बताया कि संस्थान में स्थापित नए स्मार्ट क्लासरूम में आधुनिक तकनीक से लैस कक्षाएं, जो एनआईटी स्टूडेंट्स के शिक्षण और सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन की गई हैं।**



**रायपुर।** क्लासरूम में डिजिटल बोर्ड, ऑडियो-विजुअल उपकरण और अन्य शिक्षण सॉफ्टवेयर का उपयोग संबंधित स्टूडेंट्स को उच्च स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने नवाचार किया गया है। इन कक्षाओं में छात्रों को अधिक आकर्षक और प्रभावी तरीके से संबंधित विषयों को सरलता से सीखने में मदद मिलेगी। वहीं नवीन डाटा साइंस लैब में विभिन्न प्रकार के शोधकार्य देखने को मिलेगा। इसमें एनआईटी के स्टूडेंट्स, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, बिग डेटा एनॉलिटिक्स और डेटा विजुअलाइजेशन के सहारे शोधकार्य कर पाएंगे। यहां छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जैसे कि डेटा से सार्थक अंतर्दृष्टि निकालना और विभिन्न क्षेत्रों में डेटा-संचालित परिवर्तन का नेतृत्व करना आदि नवचार किया गया है।

### डेटा साइंस लैब में किए जाने वाले शोध



मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के अंतर्गत छात्रों को विभिन्न प्रकार के मशीन लर्निंग एल्गोरिदम और डीप लर्निंग मॉडल का उपयोग करके डेटा का विश्लेषण और भविष्यवाणी करना सिखाया जाएगा। इसमें सुपरवाइज्ड, अनसुपरवाइज्ड और री-इनफोर्समेंट लर्निंग कराई जाएगी। बड़ी मात्रा में डेटा को संशोधित करने और विश्लेषण करने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जाता है। इसमें डेटा माइनिंग, डेटा वेयर हाउसिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग को शामिल किया गया है। डेटा विजुअलाइजेशन डेटा को समझने योग्य और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न विजुअलाइजेशन टूल और तकनीक का उपयोग किया जाता है। इसमें चार्ट, ग्राफ और डैशबोर्ड भी एनआईटी में डेटा साइंस लैब छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करने पर केंद्रित है।

### क्रिस्टल क्लियर प्रोजेक्टर लगे स्मार्ट क्लासरूम

*एनआईटी में स्मार्ट क्लासरूम्स को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। कक्षाओं में सुंदरता और सुविधा का ध्यान रखते हुए अच्छी आधुनिक डिजाइन की गई आरामदायक बैंच लगाई गई हैं। क्रिस्टल क्लीयर प्रोजेक्टर से छात्रों को दृश्य सामग्री स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं, जिससे सीखना-सिखाना और अधिक प्रभावशाली बनता है। इंटरएक्टिव स्मार्टबोर्ड्स के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक रोचक बनाया गया है, जिनमें विद्यार्थियों को लिख कर और विभिन्न पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पढ़ाया जा सकता है, ये स्मार्ट बोर्ड्स एक तरह के आधुनिक कंप्यूटर हैं, जिनमें इंटरनेट सुविधा है और कंप्यूटर से किया जाने वाला हर कार्य इनमें भी किया जा सकता है। इसके साथ ही, सराउंड साउंड स्पीकर्स और माइक सिस्टम छात्रों को हर कोने तक शिक्षकों की स्पष्ट आवाज पहुंचाने में सहायक हैं। एसी, लाइट्स और पंखों की उत्तम व्यवस्था कक्षा को ठंडक एवं रोशनी से भरपूर एवं आरामदायक बनाए रखती है, जिससे छात्रों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित रहता है।*

### डाटा साइंस एंड एनॉलिटिक्स लैब

*स्मार्ट क्लासरूम की तरह ही इस लैब को भी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। स्टूडेंट्स जहां आरामदायक बैठक और रोशनी की व्यवस्था, स्मार्टबोर्ड्स, आधुनिक कंप्यूटर सिस्टम आई 7, इंटरनेट और एसी की सुविधा, विद्यार्थियों को डाटा साइंस के क्षेत्र में शोध करने की सुविधा प्रदान करेगा। डाटा साइंस का प्रयोग आजकल हर क्षेत्र में हो रहा है और ये लैब इस क्षेत्र में डाटा कलेक्शन और एनॉलिसिस में सहायक सिद्ध होगी ।*

**लाइव स्टैंडअप में सुनाए दोस्ती पर चुटकुले शो में ऑडियंस से बातचीत....**

# स्टैंडअप कॉमेडियन गुरलीन ने बिखेरे हास्य के रंग, दर्शक हुए लोटपोट





**रायपुर।** हैलो गाइज...यह तीसरी बार है, जो रायपुर आने का मौका मिला। लाइव शो में गर्ल्स ऑडियंस सबसे ज्यादा है, लगता है जैसे किसी गर्ल्स हॉस्टम में शो कर रही। शाम 4.25 बजे स्टेज पर आते ही मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन गुरलीन पन्नू की पहली लाइन ने ही दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। गुरलीन पन्नू ने शुक्रवार की शाम बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल में 35 मिनट की एक शानदार प्रस्तुति दी। लाइव स्टैंडअप शो में गुरलीन की कॉमिक टाइमिंग और अनुभवों को व्यंग्य के अंदाज में पेश किया, जिसमें रिश्तों की उलझने, यंग यूथ और दोस्ती के विषय में दर्शकों को चुटकुले सुनाए। ऊर्जा लेडीज सोसाइटी द्वारा संस्था के 20 वर्ष पूर्ण होने पर महिला सदस्यों ने इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया।

### शो में हंसी का तूफान तालियों से गूंजा सभागार

क्या कोई शो में दांतों का डॉक्टर है? मेरी दोस्त किस्मत भी दांत की डॉक्टर है, पर उसकी हरकतें देखकर मुझे दांत के डॉक्टरों से भरोसा ही उठ गया है। यह कहते ही ऑडियंस ने उस डॉक्टर की ओर देखने लगे और खूब हंसे। आगे कहा, शो में गर्ल्स ऑडियंस की संख्या सबसे ज्यादा है, तो ब्वॉयज इसे इग्नोर करें...जो लोग पहली बार लाइव शो देख रहे है, उन्हें हंसी नहीं रोकनी है। इस मौके पर स्ट्रांग इंडिपेंडेंट गर्ल बनने को लेकर अपने जीवन से जुड़ी कई रोमांचक स्टोरी साझा की। कहा, जिन्हें जीवन में कुछ बड़ा करना हो वह घर से बाहर निकले। मैं चंडीगढ़ की रहने वाली हूं, अब मुंबई में रहती हूं। घर पर रहने से आप अपने मन की आवाज सुन नहीं पाते और कुछ नया सीखने का मौका नहीं मिलता। इसलिए सभी घर से बाहर निकलें और जीवन को रोमांच के साथ जीयें।



### 11-12 जुलाई को दो दिवसीय प्रदर्शनी

*ऊर्जा लेडीज सोसाइटी की अध्यक्ष अनुश्री अग्रवाल ने बताया कि संस्थान लगातार 20 वर्षों से महिलाओं के लिए कार्य कर रहा है, जिसमें गृहिणी एवं लघु उद्यमी महिलाओं को मंच दिया जाता है। शानदार स्टैंडअप कॉमेडी शो के बाद 11-12 जुलाई को भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिला व्यावसायियों को मुख्य रूप में मौका दिया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम में 15 से अधिक राज्यों से महिलाएं डिजाइनर वस्तुओं के स्टॉल लगाएंगी।*

### ऑटोमेटिक वॉशिग मशीन से जुड़े किस्से

गुरलीन ने घर से जुड़े कई किस्सों को चुटकुलों के तौर पर सुनाया, जिसे सुनकर दर्शकों ने खुब ठहाके लगाए। कहा कि यहां सबसे ज्यादा नाइंटीज की महिलाएं मौजूद हैं, जो अपने बच्चे, पति और सांस से परेशान होकर चुटकुले सुनने पहुंची हैं। मुझे भी घर का काम नहीं आता, जिसके कारण मेरे घर पर एक हाउस हेल्पर है। एक दिन मुझे ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन चलाने को बोला गया, जिसकी मुझे बिल्कुल समझ नहीं थी। ऐसे में यू-ट्यूब से वॉशिंग मशीन चलाने का वीडियो देख रही थी, जिसके बाद भी मशीन चालू नहीं हुई। ये देखकर मेरी हाउस हेल्पर मुझ पर खूब हंसी।

### गर्ल्स की लाइफ में टेंशन

शो में गुरलीन ने कहा कि गर्ल्स, कोई हंसी कंट्रोल नहीं करेगा, गर्ल्स की लाइफ इजी नहीं होती। उन्हें कई टेंशन होती हैं, खाने में क्या बनाएं, पेडीक्योर करना है, मेकअप करना है, आज कौन-सी ड्रेस पहले। यह आजकल की गर्ल्स की सबसे बड़ी टेंशन है। वहीं दूसरी ओर पुरानी जनरेशन की महिलाएं अपनी टेंशन अजवाइन खाकर ठीक कर लेती थीं।

## देश में आईटी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है छत्तीसगढ़



**रायपुर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद द्वारा शुक्रवार को न्यू सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में आधार से अधिकतम लाभ प्राप्त करना विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में आधार के व्यापक और प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना है। साथ ही आधार की उपयोगिता को जनकल्याण की योजनाओं से जोड़ते हुए अधिक पारदर्शी एवं डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में आगे बढ़ाना था। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भुवनेश कुमार ने कहा कि आईटी के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ तीव्र गति से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 140 करोड़ आधार बने हैं, जिसकी सहायता से हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आधार आम नागरिकों की प्रगति का सबसे बड़ा माध्यम बन गया है। उन्होंने जानकारी दी कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा आधार एनरोलमेंट और अपडेशन के लिए नवाचार का उपयोग कर नया सॉफ्टवेयर बनाकर पूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जा रहा है, ताकि आधार बनाने की प्रक्रिया में होने वाली दिक्कत की आशंका को कम किया जा सके।

### शंकाओं का समाधान किया

कार्यशाला में प्रतिभागियों ने आधार से संबंधित विविध प्रश्न रखे, जिस पर विशेषज्ञों ने सार्थक जानकारी दी और उनकी शंकाओं का समाधान किया। कार्यशाला में उद्योग एवं वाणिज्य तथा सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव रजत कुमार, राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित राज्य शासन के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य के विभिन्न जिलों से आए आधार ऑपरेटर्स शामिल हुए।





## अग्निशमन विभाग में 295 रिक्त पदों पर भर्ती, 1 जुलाई से भरे जाएंगे आवेदन



**रायपुर।** अग्निशमन व आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ छत्तीसगढ़ में विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इसमें 295 रिक्त पद शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तारीख 1 जुलाई 2025 एवं अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। इसके बाद त्रुटि सुधार 10 अगस्त 2025 तक किया जाएगा। रिक्त पदों में स्टेशन ऑफिसर (उप निरीक्षक), वाहन चालक, वाहन चालक कम ऑपरेटर, फायरमैन, स्टोर कीपर, मैकेनिक, वाच रूम ऑपरेटर, वायरलैस ऑपरेटर (संविदा) शामिल है।

### महिला आईटीआई में प्रवेश के लिए 25 जून तक खुला रहेगा पोर्टल

नोडल शासकीय महिला आईटीआई नारायणपुर के अंतर्गत संचालित महिला आईटीआई गरांजी, छोटेडोंगर, ओरछा में विभिन्न व्यवसायों जैसे कोपा, स्टेनोग्राफी (हिन्दी), सिविंग टेक्नोलॉजी, हॉस्पिटल हाउस कीपिंग, डीजल मैकेनिक, विद्युतकार, फिटर, ड्रोन टेक्नीशियन, मेसन में प्रवेश के लिए 16 जून से 25 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए इच्छुक आवेदक स्वयं अथवा किसी भी लोक सेवा केंद्र या च्वाइस सेंटर के माध्यम से विभागीय वेबसाइट **http://www.cgiti.admissions.nic.in** पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय में उपस्थित होकर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।











**खबर संक्षेप**

## नेहा सोनवानी बनीं सतनामी समाज की अध्यक्ष



**आरंग।** ग्राम पंचायत गोढ़ी की सरपंच नेहा सोनवानी को सर्वसम्मति से गोढ़ी सतनामी समाज की ग्राम अध्यक्ष चुना गया है। समाज की एक बैठक में पारदर्शी ढंग से लिए गए इस निर्णय का समाचार फैलते ही ग्रामवासी हर्ष और गौरव से भर उठे। इस अवसर पर गांव के पूर्व सरपंच गोपाल धीवर, जनपद सदस्य लक्ष्मी धीवर सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणों ने बधाइयां देते हुए इसे समाज के लिए एक सशक्त और दूरदर्शी निर्णय बताया। नेहा सोनवानी का चयन उनके सामाजिक कार्यों, जनहित के प्रति सक्रियता और ग्राम विकास में उनकी महती भूमिका को देखते हुए किया गया है।

## एक पेड़ मां के नाम थीम पर चपरीद स्कूल में हुआ पौधारोपण



**आरंग।** पर्यावरण जागरूकता का संदेश देने व हरियर छत्तीसगढ़ का सपना साकार करने के उद्देश्य से विगत दिवस उ.मा. विद्यालय चपरीद के प्राचार्य जे.आर. आल्हा के मार्गदर्शन में स्वयं श्रमदान कर शाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण किया गया। इस कड़ी में देवतुल्य पीपल पौधे के साथ ही आम जामुन नीम जैसे छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर निखिल आल्हा, योगेश यादव, शशिकांत बांधे, फगेंद्र लोधी, नेमेश्वर साहू, आदि उपस्थित थे।

## धर्मांतरण रोकने बनेगा प्रदेश में कठोर कानून



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, जो लोग अवैधानिक तरीके से धर्मांतरण करते हैं या करवाते हैं, वे सब सचेत हो जाएं अवैधानिक तरीके से अगर धर्मांतरण करवाया जाएगा, तो उन्हें कानूनी तरीके से सबक सिखाया जाएगा और प्रदेश में धर्मांतरण रोकने के लिए कठोर से कठोर कानून बनाया जाएगा। श्री अग्रवाल ने कहा, आने वाले समय में हमारी सनातन संस्कृति, हमारा संस्कार, पुरातन वैभव, योग, वैदिक शिक्षा को आने वाले समय में स्कूल शिक्षा में लागू किया जाएगा जो आधुनिक भारत और नए भारत के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान होगा। श्री अग्रवाल ने कहा, अब गांव-गांव, गली गली, शहर, प्रदेश और देश को विकसित करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है। 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए हम सब लोग मिलकर काम करेंगे। पूरे विश्व की अगुवाई भारत करेगा, और भारत दुनिया का सबसे विकसित देश होगा। उन्होंने कहा, आज से 11 साल पहले देश की इकोनॉमी 11वें नंबर पर थी और अब चौथे नंबर पर पहुंच गया है जल्द ही आने वाले समय में विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में भारत होगा।

### हादसा : रायपुर बिलासपुर मार्ग पर बड़ा हादसा, सीसीटीवी में घटनाक्रम कैद

# गुपचुप ठेले को कार ने ठोका मौके पर ही बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा

रायपुर-बलौदाबाजार रोड पर रफ्तार का तांडव एक बार फिर देखने को मिला है। सारागांव में एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे 55 वर्षीय ठेला चालक रमेशू साहू को जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना इतनी भयानक थी कि सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

- हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार
- ग्रामीणों ने रायपुर-बलौदाबाजार रोड पर चक्काजाम कर दिया

कार ने रमेशू साहू को टक्कर मारने के बाद सीधे एक किलोमीटर तक घसीट दिया, जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह कार गुरुचरण ज्वेलर्स, खरोरा के मालिक सतवीर सिंह चावला की है। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। महज डेढ़ महीने पहले ही बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। दो दिन पहले ही साकरा में एक मासूम को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया था, जिसके बाद खूब बवाल और चक्काजाम हुआ था। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और यातायात विभाग की घोर अनदेखी के कारण ऐसे हादसे लगातार हो रहे हैं।







सड़क सुरक्षा के नियमों की लगातार धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। इस ताजा घटना के विरोध में गुस्साए ग्रामीणों ने रायपुर-बलौदाबाजार रोड पर चक्काजाम कर दिया और खरोरा थाने का घेराव करते हुए सुबह 6 बजे तक आरोपी को गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दिया है। ग्रामीणों ने ब्रेजा कार को पुलिस के हवाले कर दिया है। यह मामला विधान सभा से कुछ दूर है और खरोरा थाना क्षेत्र का है और पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी है, लेकिन जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर है। आखिर कब तक निर्दोष नागरिक इस तरह रफ्तार के कहर का शिकार होते रहेंगे? क्या सरकार केवल आंकड़ों और बयानों तक ही सीमित रहेगी या फिर जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई करेगी, यह जांच का विषय है।

# जनसुनवाई में हर वर्ग ने कहा- महंगी बिजली का भार न लादें उपभोक्ताओं पर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नए सत्र के लिए बिजली की टैरिफ तय करने के लिए बिजली नियामक आयोग की जनसुनवाई के दूसरे दिन भी हर वर्ग के उपभोक्ताओं ने बिजली महंगी न करने की मांग रखी। इसी के साथ अलग-अलग और भी मांग आयोग के सामने रखी गई है।

पॉवर कंपनी के छत्तीसगढ़ पेंशनर्स संघ ने एक तरफ पेंशन फंड में पर्याप्त राशि की मांग फिर से की है, वहीं पॉवर कंपनी को नया रायपुर शिफ्ट करने में होने वाले खर्च को प्रदेश सरकार द्वारा वहन करने की मांग रखी गई है, ताकि इसका भार उपभोक्ताओं पर न पड़े। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर ने क्लीनिक और अस्पतालों को उद्योग के वर्ग में शामिल करने की मांग के साथ टैरिफ न बढ़ाने की भी मांग रखी है। इसी तरह से प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन ने अपने को उद्योग वर्ग में शामिल करने की मांग की है।

सबसे पहले ट्रेड यूनियन वर्ग की सुनवाई में छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी से रिटायर एसोसिएशन ने जहां पेंशन फंड को लेकर अपनी मांग रखी, वहीं इस एसोसिएशन ने पॉवर कंपनी को नया रायपुर में शिफ्ट करने का विरोध करते हुए कहा, अगर कंपनी के दफ्तरों को शिफ्ट करना ही है तो इसका खर्च राज्य सरकार उठाए ताकि इसका भार कंपनी पर न पड़े और इसको उपभोक्ताओं से न वसूला जाए। पॉवर उत्पादन कंपनी का उत्पादन भी बढ़ाने की मांग रखते हुए कहा गया, कंपनी की बिजली सस्ती रहती है, इसका जितना ज्यादा उत्पादन होगा, उपभोक्ताओं को उतनी सस्ती बिजली मिलेगी।

# टाउन प्लानर्स फील्ड में पार्षदों के साथ जाएं और जलभराव की समस्या दूर करने बनाएं प्लान : महापौर




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- महापौर ने ली अधिकारियों की बैठक

महापौर मीनल चौबे ने निगम मुख्यालय में शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने शहर में जलभराव की समस्या को खत्म करने के लिए टाउन प्लानर्स को पार्षदों के साथ मिलकर फील्ड में जाकर निरीक्षण कर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड में जाने से जलभराव होने के कारणों की सही जानकारी मिल पाएगी, जिससे उसे रोकने के लिए सही उपाय भी किए जा सकेंगे। मीनल चौबे ने बैठक में टाउन प्लानर्स को वार्डों का निरीक्षण कर डेवलपमेंट प्लान और सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार कर जल्द प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि प्लान तैयार करने के लिए पार्षदों से भी सुझाव लें और सही सुझावों को प्लान में शामिल करें। महापौर ने कहा कि रायपुर नगर निगम सभी 70 वार्डों का शहर स्मार्ट सिटी के अनुरूप समान दृष्टि से जनअपेक्षित विकास दलगत राजनीति की भावना से ऊपर उठकर करना है। उन्होंने कहा कि वार्ड डेवलपमेंट प्लान और सिटी डेवलपमेंट प्लान के माध्यम से निगम क्षेत्र में आमजनों तक विकास की गंगा पहुंचेगी एवं तेजी के साथ शहर का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास होगा।

# चौधरी बोले- भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था 20 हजार करोड़ रुपए की

**रायपुर।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है शनिवार को पूरी दुनिया योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम के साथ 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है। दस वर्षों में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को दुनिया में अपना उचित स्थान मिला है। भारत सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था कुल 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की हो चुकी है और 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग शिक्षक दुनिया के 190 देशों में योग सीखने-सिखाने का कार्य कर रहे हैं। श्री चौधरी ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के हाल ही में हुए सर्वेक्षण में पाया गया कि देश के 2.5 करोड़ घरों में, जो कि देश की आबादी का लगभग 8% है, कम-से-कम एक सदस्य नियमित योग करता है। यह योग के भारतीय जीवन शैली से जुड़ाव को दिखाता है और यह स्थापित करता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आम भारतीय के जीवन की प्राथमिकताओं पर चल रही है। उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में यह प्रस्ताव रखा था कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाए, तब बहुत-से लोग जो पहले योग का मजाक उड़ाया करते थे, उन्हें यह कल्पना भी नहीं रही होगी कि यह पहल एक दिन वैश्विक आंदोलन का रूप ले लेगी। इस ऐतिहासिक क्षण में 177 देशों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन किया। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत की जीत थी। श्री मोदी ने न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में भारतीय मूल्यों और परंपराओं के प्रति एक नई जागरुकता उत्पन्न की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के पंच-प्रण का संदेश यही है कि हम विकास के साथ अपनी विरासत को आत्मसात करें, उसे सहेजें।

# बिजली कटौती से परेशान मंदिर हसौद नगरवासी ने किया कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंदिर हसौद






नगर पालिका मंदिर हसौद में अनावश्यक और लगातार हो रही बिजली कटौती से त्रस्त नगरवासियों और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बिजली कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने पैदल मार्च करते हुए सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा और समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुए। इस प्रदर्शन में मुख्य मांगों में मंदिर हसौद में एक अतिरिक्त विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, लाइनमैन और अन्य तकनीकी कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि, प्रतिदिन हो रही अनावश्यक बिजली कटौती पर रोक, फीडर बदलाव या मेंटेनेंस के नाम पर घंटों की बिजली बंदी को समाप्त करना शामिल है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जहां 26 हजार की जनसंख्या के लिए केवल एक लाइनमैन तैनात है। वहीं, नए कनेक्शन के नाम पर मनमाना शुल्क वसूले जाने की भी शिकायत की गई है। नगर उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मंदिर हसौद जैसे बड़े नगर में विद्युत व्यवस्था एक लाइनमैन के भरोसे चल रही है, जो कि अत्यंत चिंताजनक है। इस विरोध प्रदर्शन में नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव रेखराम पात्रे पार्षदगण अधिवक्ता अनुज मिश्रा, राकेश जायसवाल, पीतांबर सोनवानी, उत्तम साहू, दीनू यादव, कमलेश भारती, जीतू चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में बिजली संकट पर आक्रोश जताया और समाधान की मांग की।

# बच्चों ने मानव श्रृंखला में योग लिखकर दिया योग दिवस की बधाई

**आरंग।** शुक्रवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल के नेतृत्व में बच्चों ने मानव श्रृंखला में योग लिखकर लोगों को योग को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिये हैं। शिक्षक पटेल ने बताया इस साल का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम है "योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" है। यह थीम यह जाहिर करती है कि हमारी सेहत और धरती की सेहत एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। वहीं योग को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा। इस अवसर प्रधान पाठक के के परमाल, नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, जितेंद्र यदु शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति व सहभागिता रही।

- चरौदा में बच्चों ने मानव श्रृंखला में योग लिखकर दिया, योग दिवस की बधाई



# ब्रह्मकुमारियों के साथ ग्रामीणों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवस पर गुरुवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अमर ज्योति भवन आरंग में आसपास के ग्रामीणों ने एकत्रित होकर योग का अभ्यास किया। बीके लता दीदी ने बताया कि राजयोग द्वारा अपना मन परमपिता परमात्मा मे लगाने से हमारा मन शुद्ध और शक्तिशाली बनता जाता है। सबसे पहले आरंग तहसील के पतंजलि से प्राणायाम योगाचार्य डॉ रामशरण साहू के द्वारा तीन बार ओम की ध्वनि उच्चारण कराके वातारण को शुद्ध करने की विधि बताते हुए प्राणायाम योग का विधिपूर्वक शुभारंभ किया गया। जिसमें योग के 8 प्रकार को बताते हुए सबको उसका अभ्यास कराया गया। आज के समय में व्यक्ति रोगी बनता जा रहा है लेकिन योग के प्रति रुचि नहीं रखता जब हम योग करते है तो हमारी बहुत सी बीमारी खत्म होने लगती है और हमे शारीरिक और मानसिक शक्ति बढ़ती जाती है। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलन कर सबको आत्मा व परमात्मा अनुभूति कराया गया। जिसमें गुल्लू, नारा, भानसोज, रीवा, बैहार, परागॉव, चपरीद, भिलाई, कुकरा के लोग शामिल हुए और इनका लाभ उठाए।



### नवमी से बारहवीं तक की बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे

# विषय चयन से पहले कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीवां में प्राचार्य आरपी चंद्राकर के निर्देशानुसार विद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से कंप्यूटर कक्ष स्मार्ट रूम में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत रीवा के सरपंच घसिया राम साहू एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष नंदकुमार साहू उपस्थित थे। भविष्य निर्माण कार्यशाला में विषय के रूप में विद्यार्थियों को विषय चयन से पहले कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। इस काउंसलिंग कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. वेद लाल साहू व्याख्याता रसायन शास्त्र थे। उन्होंने सभी बच्चों को एलईडी के माध्यम से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के साथ विद्यार्थी को कैरियर निर्माण में विषय का चयन किस प्रकार करना है और आगे भविष्य में उसका क्या योगदान होना चाहिए के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।



डॉ. साहू ने इस कार्यशाला में बताया कि आज भी कैरियर का चुनाव हम च्वायस से नहीं चांस के आधार पर ही करते हैं। तभी तो आमतौर पर अधिकांश छात्र-छात्राएं स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद चाहे-अनचाहे कालेजों में ही दाखिला ले लेते हैं। आगे पढ़ाई जारी रखने की अपेक्षित इच्छा-शक्ति व लगन भले ही उनमें बिल्कुल नहीं हों, लेकिन पारिवारिक दबाव और सामाजिक प्रतिष्ठा के चक्कर में पड़कर उन्हें क्षेत्र विषय में अपनी दिलचस्पी व स्थान को ताक पर रखकर बगैर सोचे-विचारे शिक्षण संस्थाओं में दाखिला ले लेते है। डॉ. साहू ने कहा की सबसे बड़ा दुर्भाग्य तो यह है कि अपने यहां के अधिकांश छात्र-छात्राओं को यह भी नहीं मालूम कि वे अपनी शैक्षणिक योग्यता, अभिरूचि व क्षमता के उपयुक्त किस कोर्स का चुनाव करे। उन्हे यह भी पता नहीं कि आज इतने अधिक व्यावसायिक कोर्स उपलब्ध है कि सामान्य रूप से अनचाहे शैक्षणिक संस्थाओं में दाखिला लेकर उच्च शिक्षा पर बोझ बढ़ाने तथा दोबारा बेरोजगार बने रहने की जहमत मोल लेते है। डॉ. साहू जी ने बच्चों को अपना सही कैरियर निर्माण अथवा पारिवारिक उपेक्षा व सामाजिक तिरस्कार से बचने के लिए बेहतर है कि किसी ऐसे कोर्स का चुनाव करें। जिसमें काफी पर्याप्त आगे बढ़ने के तमाम अवसर हों तथा सबसे बड़ी बात यह हो कि स्वनियोजन अथवा रोजगार की शत-प्रतिशत गारंटी हो। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य आरपी चंद्राकर, वरिष्ठ व्याख्याता आरसी साहू एवं मनिका दत्ता द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना के साथ की गई।

बच्चों को करियर से संबंधित अन्य विषयों पर रवि कुमार वर्मा व्याख्याता भौतिकी व शजिंता शुक्ला व्याख्याता हिन्दी के द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में संस्था के समस्त स्टाफ व्याख्यातागण भैयाराम साहू, बसंती बंजारे, वर्षा द्विवेदी, कविता सोनवानी, तरन्नुम खान, निर्मला पांडेय, जी चंद्राकर, अमित चंद्राकर व्यायाम शिक्षक, विनोद कुमार साहू विज्ञान शिक्षक, श्यामा रात्रे विज्ञान शिक्षिका, ललित कुमार ध्रुव, शोभाराम साहू, दिगम्बर साहू, जय प्रकाश, चूड़ामन साहू, अश्वनी साहू एवं कक्षा नवमी से बारहवीं तक की बड़ी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शज़िंता शुक्ला द्वारा की गई। इस कार्यक्रम की प्रशंसा ग्रामीणों एवं छात्र छात्राओं द्वारा की गई।

**// शपथ पत्र //**

मैं तिलक वर्मा उम्र 48 वर्ष पिता श्री विश्राम वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम व पोस्ट कठिया नं. 01 थाना व तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं जो कि मैं निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मुझे अपने नाम के संबंध में सही जानकारी देना है जिसके लिए उक्त शपथ पत्र की आवश्यकता हुई है।
3. यह कि मेरा वास्तविक व सही नाम तिलक वर्मा पिता श्री विश्राम वर्मा है जो कि मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजो जैसे आधार कार्ड क्रमांक 6977 2879 8259 में तथा अन्य दस्तावेजों में उक्त नाम दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है परंतु मेरे द्वारा मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम से पॉलिसी लिया गया है जिसका पॉलिसी क्र. 384297897 है जिसमें मेरा नाम तिलक राम बघेल नाम दर्ज कर दिया गया है जो कि मेरा ही नाम है।
4. यह कि तिलक वर्मा एवं तिलक राम बघेल दोनों नाम मेरे स्वंय के ही नाम है तथा मुझे उक्त दोनों नाम से जाना पहचाना एवं संबोधित किया जाता है जिसके संबंध में उक्त शपथपत्र प्रस्तुत है।
5. यह कि यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है इस संबंध में जो भी नियम व शर्ते होगा उसे मैं पालन करने के लिए बाध्य रहूंगा तथा मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है अगर भविष्य में दी गई जानकारी झूठा एवं असत्य पाई जाता है तो मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक का कथन मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण सत्य एवं सही है तथा किसी भी तथ्य को छिपाया नही गया है जिसे पढ़कर, सुनकर, समझकर आज दिनांक 20/06/2025 को मुकाम तिल्दा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

शपथकर्ता

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा चोला मंडलम इंवेस्टमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड व्ही आई. पी. चौक राम मंदिर करेंसी टॉवर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) दो वाहन क्रय किया है जिसका पहला वाहन **HERO SPLENDOR+ XTEC** है जिसका गाड़ी नं **CG04PF5955** है जो क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में प्रमोद निर्मलकर पिता चुन्नीलाल निर्मलकर के नाम पंजीकृत है एवं दुसरा वाहन **HONDA ACTIVA 6G** है जिसका गाडी नं. **CG04nt3561** है जो क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में संतोष पांडेय पति श्री राजलल्लन पांडेय के नाम पंजीकृत है तथा मेरे पक्षकार के द्वारा क्रयशुदा वाहन की समस्त राशि क्रय दिनांक व समय को चोला मंडलम इंवेस्टमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को प्रदान कर दिया है अब कुछ भी राशि देना शेष नही है। परन्तु मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय की गयी उपरोक्त दोनो वाहनो का नामान्तरण श्रेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर में करवाना चाहता है उपरोक्त दोनो विक्रेता के संबंध में कोई जानकारी नही है और उनको श्रेत्रीय परिवहन अधिकारी के समक्ष उपस्थित करने में कठिनाई हो रही है है इसलिए उक्त दोनो वाहनों का नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र मेरे पक्षकार के द्वारा प्रस्तुत कर दिया है। इस संबंध किसी भी व्यक्ति, सेठ साहूकार, वित्तीय संस्था, बैंक को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो, सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पता में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराये बाद म्याद की गयी आपत्ति/दावा ग्राहय नहीं होगा। और मेरा पक्षकार अपने नाम से ट्रांसफर करा लेगा।

स्थानः- तिल्दा-नेवरा दिनांक 30 SEP 2024

**के.एल.दीवान**
**अधिवक्ता/ नोटरी**
**तहसील कार्यालय परिसर तिल्दा जिला रायपुर छ.ग., मो.नं. 9575000771**

# डबल सब्सिडी से अब तीन किलोवाट सोलर पैनल 67 हजार में ही लग जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में अपने प्रदेश में केंद्र सरकार के बाद अब राज्य सरकार भी इस योजना में सब्सिडी देगी। ऐसे में इस योजना में अब बड़ा बूम आएगा। अब तीन किलोवाट के सोलर पैनल पर उपभोक्ताओं को महज 67 हजार ही खर्च करने पड़ेंगे।

तीन किलोवाट पर 1.75 लाख का खर्च होता है। इसमें 78 हजार केंद्र सरकार और 30 हजार की सब्सिडी राज्य सरकार की मिलेगी। राज्य सरकार की सब्सिडी के इंतजार में ही आवेदनों की रफ्तार धीमी हो गई थी। अब संभावना है कि आवेदनों की रफ्तार तेज हो जाएगी। इस समय योजना में 28 सौ घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। करीब 42 हजार से ज्यादा आवेदन भी आ गए हैं। 2027 तक प्रदेश में 1.30 लाख घरों को रोशन करने का लक्ष्य है।

केंद्र सरकार ने घरों की छतों पर बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। देश भर में एक करोड़ से ज्यादा घरों की छतों पर बिजली उत्पादन का लक्ष्य सोलर पैनल के माध्यम से रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मिल रही है। हर राज्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य रखा गया है। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है तो यहां के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2027 तक के लिए सवा लाख से ज्यादा का लक्ष्य रखा है, लेकिन इससे ज्यादा घरों को रोशन करने की योजना है।

### केंद्र सरकार से 78 और राज्य सरकार से मिलेगी 30 हजार की सब्सिडी



### अब तक 42 हजार आवेदन

प्रदेश में इस योजना में बीते साल अप्रैल से सितंबर तक महज सात हजार आवेदन ही आए थे। कम आवेदनों के कारण पॉवर कंपनी ने इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया और इस योजना की जानकारी देने के लिए शिविर लगाने का भी काम किया है। इसका परिणाम यह हुआ है अब 42000 आवेदन आ गए हैं। इसमें से 40 हजार आवेदनों को मंजूरी भी दे दी गई है। अब तक 28 सौ घरों में सोलर पैनल लग भी गए हैं। इधर प्रदेश सरकार ने जब अपने बजट में इस योजना के लिए बजट का प्रावधान किया तो प्रदेश सरकार की सब्सिडी के इंतजार में आवेदनों की रफ्तार धीमी हो गई।

### तीन किलोवाट पर 1.08 लाख सब्सिडी

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है योजना में हर आय वर्ग के लोग सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें कोई आय सीमा तय नहीं है। हर आय वर्ग वालों को सब्सिडी भी मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार से एक किलोवाट पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार और तीन किलोवाट पर 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है। अब राज्य सरकार ने भी एक किलोवॉट पर 15 हजार और तीन किलोवाट पर 30 हजार की सब्सिडी तय कर दी है। ऐसे में तीन किलोवाट पर 1.08 लाख की सब्सिडी मिल जाएगी। इसी तरह से एक किलोवाट पर केंद्र सरकार की 30 हजार और राज्य सरकार की 15 हजार सब्सिडी मिलेगी तो उपभोक्ता को एक किलोवाट का सोलर पैनल लगाने पर महज 25 हजार खर्च करने पड़ेंगे, क्योंकि एक किलोवाट का खर्च 70 हजार के आस-पास आता है। वैसे तो भारत सरकार द्वारा तो प्रति किलोवाट के लिए 50 हजार रुपए तय है, लेकिन अलग-अलग वेंडरों का रेट अलग-अलग होने पर एक किलोवाट पर करीब 70 हजार दो किलोवाट पर 1.20 लाख और तीन किलोवाट पर 1.75 लाख का खर्च लग जाता है।

## खबर संक्षेप



### धर्मांतरण रोकने बनेगा प्रदेश में कठोर कानून

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, जो लोग अवैधानिक तरीके से धर्मांतरण करते हैं या करवाते हैं, वे सब सचेत हो जाएं अवैधानिक तरीके से अगर धर्मांतरण करवाया जाएगा, तो उन्हें कानूनी तरीके से सबक सिखाया जाएगा और प्रदेश में धर्मांतरण रोकने के लिए कठोर से कठोर कानून बनाया जाएगा। श्री अग्रवाल ने कहा, आने वाले समय में हमारी सनातन संस्कृति, हमारा संस्कार, पुरातन वैभव, योग, वैदिक शिक्षा को आने वाले समय में स्कूल शिक्षा में लागू किया जाएगा जो आधुनिक भारत और नए भारत के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान होगा। श्री अग्रवाल ने कहा, अब गांव-गांव, गली गली, शहर, प्रदेश और देश को विकसित करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है। 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए हम सब लोग मिलकर काम करेंगे। पूरे विश्व की अगुवाई भारत करेगा, और भारत दुनिया का सबसे विकसित देश होगा। उन्होंने कहा, आज से 11 साल पहले देश की इकोनॉमी 11वें नंबर पर थी और अब चौथे नंबर पर पहुंच गया है जल्द ही आने वाले समय में विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में भारत होगा।

### जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव 27 को



**रायपुर।** श्री जगन्नाथ सेवा समिति गायत्री नगर शंकर नगर आगामी रथयात्रा महोत्सव की तैयारी में जुटी है। श्री जगन्नाथ मंदिर के अध्यक्ष एवं विधायक पुरंदर मिश्रा ने इस संबंध में बताया कि 27 जून को रथयात्रा निकाली जाएगी। पुरी की तर्ज पर यहां भी विधि-विधान से सभी नियम पूरे किए जाते हैं। रथ पर प्रभु जगन्नाथ, बलरामजी एवं देवी सुभद्रा विराजित होते हैं। शहरभर के श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल होने उमड़ पड़ते हैं।

### सरकार ने मंडी अधिनियम में किया बदलाव

# कृषि उत्पाद के आयातक और प्रोसेसिंग करने वालों को मंडी शुल्क में 2 से 3 करोड़ की छूट, सरकार का बड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कृषि उत्पाद का आयात करने वाले और फूड प्रोसेसिंग करने वाले नए और विद्यमान उद्यमियों के हित में एक बड़ा फैसला किया है। यह काम करने वाले सामान्य वर्ग के उद्यमियों को दो करोड़ और आरक्षित वर्ग वालों को अब मंडी शुल्क में तीन करोड़ रुपयों तक की छूट दी जाएगी। जानकारों का मानना है कि यह संबंधित उद्यमियों के लिए बड़ी राहत देने वाला निर्णय है।

राज्य सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने यह बदलाव करने के लिए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में बदलाव किया है। यह संशोधित नियम छत्तीसगढ़ कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2019- 24 के अंतर्गत मंडी शुल्क से छूट नियम 2019 कहा जाएगा। खास बात ये है कि इन नियम के तहत 1 नवंबर 2019 से 31 अक्टूबर 2024 तक वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने वाले एवं कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की श्रेणी में आने वाले सभी नवीन उद्योगों की स्थापना एवं विद्यमान उद्योगों के विस्तार, प्रतिस्थापन, शवलीकरण के अंतर्गत स्थापित औद्योगिक इकाईयों को मंडी शुल्क से छूट मिलेगी।

### नए और विद्यमान उद्योगों को भी मिलेगा लाभ



### सामान्य को 2 आरक्षित वर्ग को 3 करोड़ की छूट

मंडी शुल्क से संबंधित छूट किसे मिलेगी। इस संबंध में नियम में साफ किया गया है कि है सामान्य वर्ग के उद्यमियों द्वारा राज्य में स्थापित होने वाले नवीन, विद्यमान उद्योगों के विस्तार, प्रतिस्थापन, शलवीकरण, के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु, मध्यम, एवं वृहद श्रेणी के के कृषि एवं खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण उद्योगों को राज्य की मंडियों से सीधे उत्पादनकर्ता कृषक, इकाई या राज्य के बाहर से कच्चा माल खरीदने पर मंडी शुल्क से छूट प्रमाण पत्र जारी होने के दिनांक से पांच साल के लिए मंडी शुल्क से पूर्ण छूट अधिकतम राशि 2 करोड़ रुपए सालाना की सीमा तक प्रदान की जाएगी। साथ ही छूट की कुल अधिकतम सीमा इकाई द्वारा किए गए स्थायी पूंजी निवेश के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। आरक्षित वर्ग एससी, एसटी के लिए यही सीमा 3 करोड़ रुपए होगी। लेकिन यह छूट कुल अधिकतम सीमा इकाई द्वारा किए गए स्थायी पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। यह अधिसूचना 1 नवंबर 2019 से प्रभावशील मानी जाएगी। यही नहीं आरक्षित वर्ग के लिए यह छूट सात साल के लिए लागू होगी।

# टाउन प्लानर्स फील्ड में पार्षदों के साथ जाएं और जलभराव की समस्या दूर करने बनाएं प्लान : महापौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने निगम मुख्यालय में शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने शहर में जलभराव की समस्या को खत्म करने के लिए टाउन प्लानर्स को पार्षदों के साथ मिलकर फील्ड में जाकर निरीक्षण कर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड में जाने से जलभराव होने के कारणों की सही जानकारी मिल पाएगी, जिससे उसे रोकने के लिए सही उपाय भी किए जा सकेंगे। मीनल चौबे ने बैठक में टाउन प्लानर्स को वार्डों का निरीक्षण कर डेवलपमेंट प्लान और सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार कर जल्द प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि प्लान तैयार करने के लिए पार्षदों से भी सुझाव लें और सही सुझावों को प्लान में शामिल करें। महापौर ने कहा कि रायपुर नगर निगम सभी 70 वार्डों का शहर स्मार्ट सिटी के अनुरूप समान दृष्टि से जनअपेक्षित विकास दलगत राजनीति की भावना से ऊपर उठकर करना है। उन्होंने कहा कि वार्ड डेवलपमेंट प्लान और सिटी डेवलपमेंट प्लान के माध्यम से निगम क्षेत्र में आमजनों तक विकास की गंगा पहुंचेगी एवं तेजी के साथ शहर का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास होगा।

■ महापौर ने ली अधिकारियों की बैठक

# जनसुनवाई में हर वर्ग ने कहा- महंगी बिजली का भार न लादें उपभोक्ताओं पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए सत्र के लिए बिजली की टैरिफ तय करने के लिए बिजली नियामक आयोग की जनसुनवाई के दूसरे दिन भी हर वर्ग के उपभोक्ताओं ने बिजली महंगी न करने की मांग रखी। इसी के साथ अलग-अलग और भी मांग आयोग के सामने रखी गई है। पॉवर कंपनी के छत्तीसगढ़ पेंशनर्स संघ ने एक तरफ पेंशन फंड में पर्याप्त राशि की मांग फिर से की है, वहीं पॉवर कंपनी को नया रायपुर शिफ्ट करने में होने वाले खर्च को प्रदेश सरकार द्वारा वहन करने की मांग रखी गई है, ताकि इसका भार उपभोक्ताओं पर न पड़े। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर ने क्लीनिक और अस्पतालों को उद्योग के वर्ग में शामिल करने की मांग के साथ टैरिफ न बढ़ाने की भी मांग रखी है। इसी तरह से प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन ने अपने को उद्योग वर्ग में शामिल करने की मांग की है।



■ पॉवर कंपनी को नया रायपुर शिफ्ट करने का खर्च प्रदेश सरकार से वहन करने की भी मांग

सबसे पहले ट्रेड यूनियन वर्ग की सुनवाई में छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी से रिटायर एसोसिएशन ने जहां पेंशन फंड को लेकर अपनी मांग रखी, वहीं इस एसोसिएशन ने पॉवर कंपनी को नया रायपुर में शिफ्ट करने का विरोध करते हुए कहा, अगर कंपनी के दफ्तरों को शिफ्ट करना ही है तो इसका खर्च राज्य सरकार उठाए ताकि इसका भार कंपनी पर न पड़े और इसको उपभोक्ताओं से न वसूला जाए। पॉवर उत्पादन कंपनी का उत्पादन भी बढ़ाने की मांग रखते हुए कहा गया, कंपनी की बिजली सस्ती रहती है, इसका जितना ज्यादा उत्पादन होगा, उपभोक्ताओं को उतनी सस्ती बिजली मिलेगी।

### उद्योगों ने कहा- कीमत कम करें

मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन की तरफ से महासचिव मनीष धुप्पड़ ने टैरिफ में इजाफा न करने की मांग के साथ कहा, कीमत कम होनी चाहिए। पहले ही कीमत ज्यादा होने के कारण उद्योग परेशान हैं। इसी के साथ रोलिंग मील और अन्य उद्योगों के साथ रेलवे ने भी कीमत न बढ़ाने की मांग रखी। उरला एसोसिएशन की तरफ से एमएसएमई के लिए टैरिफ न बढ़ाने की मांग के साथ ही उद्योग में लगाए जाने वाले सोलर पर सब्सिडी की भी मांग भी रखी है।

### स्वास्थ्य संस्थाओ को उद्योग वर्ग में रखें

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर प्रदेश की स्वास्थ्य प्रदाता संस्थाओं को औद्योगिक दरों पर बिजली उपलब्ध करवाने की मांग की। एएचपीआई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, संयोजक डॉ. विकास अग्रवाल और महासचिव अतुल सिंघानिया के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के संज्ञान में लाया कि छत्तीसगढ़ में निजी क्षेत्र में क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर, पैथोलॉजी लैब, अस्पताल और नर्सिंग होम मिलाकर 900 से ज्यादा स्वास्थ्य प्रदाता संस्थाएं संचालित हैं। वर्तमान में इन्हें कमर्शियल (व्यावसायिक) दरों पर विद्युत आपूर्ति की जा रही है जो अपेक्षाकृत काफी महंगी है। इससे इन स्वास्थ्य संस्थानों का संचालन व्यय काफी बढ़ रहा है।

### सत्यनारायण शर्मा ने भी किया विरोध

प्रदेश के पूर्व मंत्री और विधायक सत्यनारायण शर्मा ने भी बिजली की कीमतों में इजाफा किए जाने का विरोध किया है। आयोग को लिखे पत्र में उन्होंने लिखा है, अनावश्यक खर्चों के कारण विद्युत की दरों के अनावश्यक वृद्धि हो रही है। विद्युत कंपनियों का मुख्यालय डंगनिया परिसर से हटाकर नया रायपुर ले जाया जा रहा है, उत्पादन कंपनी ने अपनी तरफ से इसमें 217 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान है, परंतु विशेषज्ञों का अनुमान है कि भवन निर्माण एवं साज-सज्जा पूर्ण करने की स्थिति में इसमें कम से कम रूपये 500 करोड़ का खर्च होगा। यह 500 करोड़ रुपए आगामी वर्षों में आम उपभोक्ताओं से वसूला जाएगा।श्री शर्मा ने स्मार्ट मीटर लगाने का भी विरोध किया है।

# चौधरी बोले- भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था 20 हजार करोड़ रुपए की

**रायपुर।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है शनिवार को पूरी दुनिया योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम के साथ 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है। दस वर्षों में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को दुनिया में अपना उचित स्थान मिला है। भारत सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था कुल 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की हो चुकी है और 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग शिक्षक दुनिया के 190 देशों में योग सीखने-सिखाने का कार्य कर रहे हैं। श्री चौधरी ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय



(एनएसएसओ) के हाल ही में हुए सर्वेक्षण में पाया गया कि देश के 2.5 करोड़ घरों में, जो कि देश की आबादी का लगभग 8% है, कम-से-कम एक सदस्य नियमित योग करता है। यह योग के भारतीय जीवन शैली से जुड़ाव को दिखाता है और यह स्थापित करता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आम भारतीय के जीवन की प्राथमिकताओं पर चल रही है। उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में यह प्रस्ताव रखा था कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाए, तब बहुत-से लोग जो पहले योग का मजाक उड़ाया करते थे, उन्हें यह कल्पना भी नहीं रही होगी कि यह पहल एक दिन वैश्विक आंदोलन का रूप ले लेगी। इस ऐतिहासिक क्षण में 177 देशों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन किया। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत की जीत थी। श्री मोदी ने न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में भारतीय मूल्यों और परंपराओं के प्रति एक नई जागरुकता उत्पन्न की है।




# बैज बोले- प्रदेश में अवैध रेत का कारोबार सत्ता के संरक्षण में





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अवैध रेत खनन पर अधिकारी मूकदर्शक बने हैं। राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद के बरबसपुर में अवैध रेत खनन की भरमार है। पूरे अवैध रेत खनन का उत्खनन कर शासन और प्रशासन के साथ बेचा जा रहा है।

बरबसपुर में ढाई एकड़ नहीं बल्कि सौ एकड़ खेत का रेत का उत्खनन हो रहा है, मैं तीन दिनों से रेत खदानों को देखने गया, हमने देखा अवैध रेत उत्खनन पुलिस, माइनिंग विभाग, प्रशासन के सानिध्य में चल रहा। श्री बैज ने कहा कि प्रदेश में खुले आम अवैध शराब भी बिक रही है। भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए शराब बंदी के लिए गंगाजल यात्रा निकाली थी, आज यह सरकार गली गली शराब बेच रही। अब तो मिलावटी करके शराब बेची जा रही है। पूरे प्रदेश में नकली होलोग्राम चल रहा है। इस सरकार ने छत्तीसगढ़ को शराब का गढ़ बना दिया है। सरकार अवैध शराब बिक्री रोकने ठोस उपाय क्यों नहीं कर रही।


















की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष संदेश

हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, जो हमें यह याद दिलाता है कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। योग तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है और व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है।आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और बीमारियों से बचने का सबसे सरल और प्रभावी उपाय योग है। यह हमें शांति, अनुशासन और आत्म-संयम की ओर ले जाता है।आइए इस योग दिवस पर संकल्प लें कि हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे और दूसरों को भी इसके लाभों के प्रति जागरूक करेंगे।


































## खबर संक्षेप



### निगम ने अवैध दुकान तोड़ी

**रायपुर।** नगर निगम जोन 1 क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड में शासकीय शराब दुकान के आसपास और मुख्य सड़क से लगे अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान शराब दुकान के पास लगे चखना सेंटर को तोड़ा गया। इस चखना सेंटर के कारण यहां गंदगी भी फैल रही थी। इसके अलावा अन्य दुकानों को भी सड़क से हटाने की कार्रवाई की गई।

## निधन

### मांडवी मिश्रा



**रायपुर।** शिव वाटिका अश्विनी नगर निवासी मांडवी मिश्रा (80) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 जून को निवास स्थान से दोपहर 2 बजे महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सेवानिवृत्ति वरिष्ठ सहायक अधीक्षक महेंद्र मिश्रा की धर्मपत्नी एवं रिंकू, राजा, गुड़िया और बबली की माता थीं।

### शैला विनायक देशपांडे



**रायपुर।** अनमोल फ्लैट्स अवंति विहार निवासी शैला विनायक देशपांडे का 20 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 जून को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अनिल देशपांडे, आलोक देशपांडे, स्मिता पाटस्कर, सीमा माइणकर की माता थीं।

### दामोदर प्रसाद पाठक



**रायपुर।** शांति विहार कालोनी डगनिया एनएमडीसी बैलाडीला के पूर्व अधिकारी दामोदर प्रसाद पाठक (84) का 20 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे उर्वशी पाठक के पति, आलोक पाठक, अरुणा अवस्थी, अंजना दुबे, वंदना शर्मा के पिता एवं आशुतोष पाठक के दादाजी थे।

# हाई स्पीड ट्रेन चलाने जीएम ने किया निरीक्षण, वंदे भारत व एलएचबी कोच वाली ट्रेनों की बढ़ रही गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने शुक्रवार को रायपुर और दुर्ग दौरा किया। इस दौरान दुर्ग से रायपुर के बीच रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद रायपुर से वे पुनः दुर्ग के लिए रवाना हुए और मिडिल लाइन पर 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन चलाए जाने के लिए तैयार किए जा रहे ट्रैक का गहन निरीक्षण किया। इससे पहले रायपुर की ओर आते समय उन्होंने अप लाइन का निरीक्षण किया।

■ जीएम ने 130 किमी प्रति घंटा की स्पीड वाले ट्रैक का लिया जायजा

## दुर्ग-रायपुर रेलखंड का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण, विकास कार्यों की समीक्षा की

### सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश

निरीक्षण की शुरुआत सुबह 9:30 बजे दुर्ग स्टेशन से हुई, जहां महाप्रबंधक ने दुर्ग कोचिंग डिपो, मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री, रेलवे कॉलोनी, रनिंग रूम और उसके विस्तार भवन का उद्‌घाटन, आरआरआई, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे रिडेवलपमेंट कार्यों, चौथी रेलवे लाइन के निर्माण निरीक्षण किया। रनिंग रूम और लॉबी का निरीक्षण कर वहां की स्वच्छता, विश्राम व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। उन्होंने रनिंग स्टाफ से बातचीत कर सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। विस्तार भवन के उद्‌घाटन के साथ ही कर्मचारियों को और अधिक सुविधा मिलने की संभावना जताई गई।



### विकास उपाध्याय ने रखीं जनहित से जुड़ी कई मांगे

पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने शुक्रवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश को छत्तीसगढ़ के जनहित में रेलवे से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उपाध्याय ने भवानी नगर-कोटा अंडरब्रिज निर्माण, उरकुरा से सरोना व रायपुर जं. से मंदिरहसौद तक ग्रीन कॉरिडोर विकसित करने, रेलवे भूमि पर अतिक्रमण रोकने और पेड़ों की सुरक्षा की मांग की। उन्होंने बताया कि उरकुरा-सड्डू रोड का निर्माण कार्य रेलवे की अनुमति के अभाव में अधूरा है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। उपाध्याय ने अमृत भारत योजना के तहत उरकुरा स्टेशन में सुविधाओं की कमी, सरोना स्टेशन के विस्तार, तेलघानी नाका से प्लेटफॉर्म-7 तक निर्माण में देरी और आपात चिकित्सा सुविधाओं की कमी पर भी ध्यान दिलाया।



रायपुर रेलवे स्टेशन में निरीक्षण के बाद जीएम तरुण प्रकाश ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि रायपुर रेल मंडल में वंदे भारत एक्सप्रेस के अलावा अन्य एलएचबी कोच वाली ट्रेनों की गति में भी इजाफा किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रैक की संरचना और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए उच्च गति वाली ट्रेनों के संचालन की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय से भी भेंट की और रेलवे सेवाओं, कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

# खाद की कमी दूर करे राज्य सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम आदमी पार्टी ने जिले की सहकारी समितियों में डीएपी खाद की कमी और अमानक बीज की आशंका को लेकर रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सोसाइटियों में खाद की कमी है, राज्य का किसान परेशान है। इस संबंध में प्रदेश के हर जिले में आम आदमी पार्टी द्वारा कलेक्टर अथवा तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि प्रदेश के विभिन्न विकासखंडों में किसानों को झांसा देकर नकली खाद और बीज थमाने का खेल शुरू हो गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान एमएम हैदरी, वीरेंद्र पवार, पुनारद निषाद, मिथलेश साहू, रघुनाथ यादव, संजीव ढाबरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सीबीएस में पेमेंट कोटे की काउंसिलिंग 23 को

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर बेसिक साइंस में पंचवर्षीय एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम के पेमेंट कोटे की सीट के लिए काउंसिलिंग 23 जून को होगी। सामान्य सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया 17 से 19 जून तक चली काउंसिलिंग के दौरान पूर्ण हो चुकी है। पेमेंट कोटे पर काउंसिलिंग संबंधित अन्य विवरण मेरिट एवं नियम की जानकारी रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। काउंसिलिंग के लिए रविवि के मूल विज्ञान केंद्र में सुबह 11:30 बजे अभ्यर्थी का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।

## दूसरे बाघ की पतासाजी करने ट्रैप कैमरे की ली जा रही मदद

# गोलियों की आवाज से बाघ कर रहे बस्तर से पलायन, उदंती-सीतानदी बना पनाहगाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

कभी बाघ से गुलजार रहने वाला उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व पिछले तीन साल से बाघ की आमद की राह ताक रहा था। इसी दौरान बस्तर में चलाए जा रहे नक्सल ऑपरेशन के बीच बाघ बस्तर से निकलकर सुरक्षित रहवास की तलाश में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व पहुंच रहे हैं। पिछले महीने ट्रैप कैमरा में एक बाघ ट्रैप होने के बाद हाल के दिनों में एक और बाघ के पगमार्क मिलने की पुष्टि यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन ने की है। एक और बाघ के पग मार्क मिलने के बाद टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने ट्रैप कैमरे की मदद से बाघ की जानकारी जुटाने की कोशिश तेज कर दी है।

यूएसटीआर में वर्ष 2022 में एक बाघ दिखा था। उस बाघ के तेलंगाना से जगदलपुर के रास्ते उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व पहुंचने की एनटीसीए ने पुष्टि की थी। इसके बाद से यूएसटीआर में बाघ का किसी भी प्रकार का मूवमेंट नहीं रहा है। पिछले महीने 28 मई को ट्रैप कैमरा में एक बाघ दिखा था। वह बाघ अभी भी यूएसटीआर के जंगल में विचरण कर रहा है। 28 मई को बाघ दिखने के बाद पिछले दिनों यूएसटीआर में एक जगह और बाघ के पग मार्क मिलने की पुष्टि हुई है।



### मिलान करने के बाद दूसरे बाघ की पुष्टि

यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर के अनुसार दूसरे बाघ के पग मार्क मिलने के बाद लगा कि पूर्व में दिखे बाघ के पग मार्क होंगे। पूर्व में मिले बाघ के पग मार्क के साथ नए मिले पग मार्क का मिलान किया गया, तो यह अलग होना पाया गया। इसके बाद क्षेत्र में दो बाघों के मौजूदगी की पुष्टि हुई है। अफसर के अनुसार दूसरे बाघ के मूवमेंट के बारे में जानकारी जुटाने ट्रैप कैमरा लगाए गए हैं।

### इस वजह से भी बस्तर से पलायन

बस्तर के जंगलों में इन दिनों फोर्स के साथ नक्सलियों की आवाजाही पहले की तुलना में ज्यादा हो गई है। इसके अलावा दोनों तरफ से एक दूसरे पर जबरदस्त फायरिंग की जा रही है। गोलियों की आवाज से भी बाघों के परेशान होकर अपनी मांद से निकलकर सुरक्षित ठिकानों की तलाश में यूएसटीआर पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### प्रे-बेस की व्यवस्था सुधरने से मिलेगा लाभ

यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर के अनुसार क्षेत्र में शिकारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही वनों को अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया है। इसके चलते यूएसटीआर में शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या बढ़ने के साथ पानी की व्यवस्था में सुधार हुआ है। पर्याप्त प्रे-बेस तथा पानी की व्यवस्था होने से बाघों के स्थायी रूप से रुकने की संभावना पहले की तुलना में ज्यादा है।

### इस वजह से आ रहे बाघ

जिस क्षेत्र में इंसानों का मूवमेंट ज्यादा होता है, उस क्षेत्र से बाघ सुरक्षित जगह की तलाश में निकल जाते हैं। बस्तर के बीजापुर सहित अन्य क्षेत्रों में इन दिनों बड़े पैमाने पर नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके कारण घने जंगलों में फोर्स के साथ नक्सलियों का मूवमेंट बढ़ गया है। इसके चलते बाघ सुरक्षित ठिकाने की तलाश में बस्तर के बीजापुर से पलायन कर यूएसटीआर के जंगल पहुंच रहे हैं।

### इंद्रावती से गढ़चिरौली तक कॉरिडोर

बस्तर से लेकर यूएसटीआर तक बाघों का बड़ा कॉरिडोर रहा है। बाघ बस्तर तथा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली, इंद्रावती टाइगर रिजर्व होते हुए उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व तक पहुंचते हैं। पूर्व में ट्रैप कैमरा में कैद बाघ के इंद्रावती टाइगर रिजर्व के रास्ते उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में आने की पुष्टि हुई है। दूसरे बाघ की भी उसी रास्ते से आने की यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने संभावना व्यक्त की है।

# शाह के आगमन पर साय ने की तैयारियों की समीक्षा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों की समीक्षा की। साय ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों जरूरी निर्देश दिए। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, पी. दयानंद, डॉ. बसव राजू एस तथा प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### विशाल मेगा मार्ट पर पांच हजार का जुर्माना



**रायपुर।** शहर के जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत जीई मार्ग के समीप गुरू घासीदास प्लाजा में संचालित विशाल मेगा मार्ट के संचालक पर सड़क पर वाहन पार्किंग करने के मामले में नगर निगम ने पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया है।मेगा मार्ट के संचालक द्वारा अपने ग्राहकों की गाड़ियों को सुव्यवस्थित रूप से पार्क नहीं कराकर सड़क पर कराई जा रही थी, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही थी। निगम ने ई चालान काटकर मार्ट के संचालक को भविष्य में कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी है।

## बिजनेस साइट

### डॉ. सुनील कालड़ा को 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की चिकित्सा सेवा में विशेष योगदान देने वाले वरिष्ठ प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा को 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें पिछले 35 वर्षों से होली एवं दिवाली जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान मरीजों को निशुल्क प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया। डॉ. कालड़ा, कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर के संचालक हैं, जो प्रदेश का पहला निजी बर्न सेंटर भी है। त्योहारी सीजन में डॉक्टरों की अनुपलब्धता को देखते हुए वे हर साल दो दिनों तक जरूरतमंद मरीजों को बिना किसी शुल्क के प्राथमिक उपचार देते आ रहे हैं। सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की छत्तीसगढ़ प्रमुख सोनल राजेश शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया।

### जन्मजात दुर्लभ हृदय रोग से पीड़ित 17 वर्षीय किशोरी का सफल इलाज




■ श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुआ ऑपरेशन

**रायपुर।** श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर में एक अत्यंत दुर्लभ एवं जटिल हृदय रोग 'एब्स्टीन्स एनॉमली' से पीड़ित 17 वर्षीय किशोरी बिंदिया की सफल सर्जरी कर चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। यह हृदय रोग अत्यंत दुर्लभ होता है, जो लगभग दो लाख में से एक नवजात में पाया जाता है। इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. प्रतीक पांडेय ने किया। उन्होंने बताया कि 'कोन रिपेयर' नामक प्रक्रिया के माध्यम से बच्ची का सफल इलाज किया गया। इस जीवनदायिनी प्रक्रिया में डॉ. पांडेय की टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में डॉ. चंदेल (वरिष्ठ कार्डियक सर्जन), डॉ. कमलकांत आदिले (वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. बालाजी शाह (इंटेंशिविस्ट) शामिल रहे। इस टीम ने अस्पताल की उन्नत सुविधाओं और संयोजित प्रयासों के साथ यह सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की।

### सिपेट रायपुर और रिज्यूट इलेक्ट्रॉनिक्स के बीच एमओयू



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर और मेसर्स रिज्यूट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (आरईपीएल) के बीच आपसी सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की डिजाइन, असेंबली एवं निर्माण के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को सशक्त बनाना है। सिपेट के प्रधान निदेशक डॉ. आलोक साहू और रिज्यूट इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध संचालक बिकाश कुमार तिवारी ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समारोह में सीएसआईडीसी के महाप्रबंधक ओपी बंजारे, रिज्यूट इलेक्ट्रॉनिक्स के तकनीकी निदेशक शंभूनाथ रॉय, अध्यक्ष विभूति कुमार तिवारी एवं सिपेट की तकनीकी अधिकारी सस्मिता मिश्रा भी उपस्थित रहीं।

### ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया भारत का मान

**रायपुर।** ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) और आधुनिक रोबोटिक्स प्रोग्राम ने छात्रों को तकनीकी नवाचार और रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित किया है। ब्राइटन के छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन उपलब्धियां दर्ज कराई हैं। स्कूल के छात्रों शौर्य ग्रोवर और सौम्या जैन के द्वारा तैयार किए गए 'ब्लाइंड विजन', जो एक एआई आधारित पहनने योग्य उपकरण है, जो दृष्टिबाधितों की मदद करता है, इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय विज्ञान मेले में गोल्ड मेडल और अमेरिका के जीनियस ओलंपियाड में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि ने रायपुर ही नहीं, पूरे देश को गर्व की अनुभूति कराई। इसके अलावा एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि आदित्य साई बी के नाम रही, जिन्हें हैक क्लब नेबरहुड प्रोग्राम (यूएसए) में चयनित किया गया। उन्होंने 100 घंटे की कठिन कोडिंग चुनौती सफलतापूर्वक पूरी की और दुनिया के सबसे कम उम्र के कोडर के रूप में अपनी पहचान बनाई।



## टिकरापारा के गुडविल हास्पिटल का मामला

# निजी अस्पताल में नवजात की मौत, शिकायत पर सीएमएचओ ने बनाई जांच कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


दीक्षा की मौत अत्याधिक रक्तस्राव से, स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव प्रक्रिया की निगरानी पर उठे सवाल

टिकरापारा के गुडविल हास्पिटल में नवजात की मौत के मामले लापरवाही बरतने की शिकायत के आधार पर सीएमएचओ ने जांच कमेटी का गठन किया है। कमेटी परिजनों के आरोपों की जांच कर सात दिन में अपनी रिपोर्ट देगी। परिजनों का आरोप है कि जन्म के बाद बच्चे को स्वस्थ बताकर उन्हें सौंप दिया गया, मगर कुछ घंटे के बाद ही उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने सीएमएचओ कार्यालय में दी गई अपनी शिकायत में बताया है कि आकांक्षा जायसवाल को सामान्य जांच के लिए वे हास्पिटल लेकर आये थे। जांच के दौरान हाईरिस्क बताकर महिला को भर्ती कर ऑपरेशन किया गया। उसके बाद बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ बताकर उन्हें सौंपा गया था। बच्चा ठीक से रो नहीं रहा था, इस बारे में अस्पताल में मौजूद स्टाफ को जानकारी दी गई, मगर उनकी तरफ से कोई रिस्पांस नहीं दिया गया। उस दौरान अस्पताल में कोई विशेषज्ञ डाक्टर भी मौजूद नहीं था। ड्यूटी नर्स ने उन्हें इंजेक्शन के माध्यम से शिशु को पावडर देकर अपनी ड्यूटी की इतिश्री कर ली थी। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। मामले की शिकायत सीएमएचओ कार्यालय में जाकर की।

शिकायत के आधार पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने मेडिकल ऑफिसर डा. एसके वोहरा, नर्सिंग होम एक्ट अफसर डॉ. अविनाश चतुर्वेदी नोडल नर्सिंग होम एक्ट, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निलय मोझरकर, आयुष्मान भारत के सलाहाकर समित अग्रवाल की कमेटी बनाई है। जांच समिति सात दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## पेज 13 के शेष ...

### एनसीईआरटी का...

अडॉप्ट किया जा रहा है। इसमें मात्र 10 से 20 प्रतिशत तक का बदलाव छत्तीसगढ़ के परिवेश के आधार पर होगा, ताकि छात्रों को स्थानीय जानकारी मिल सके। गौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से छत्तीसगढ़ राज्य बोर्ड की पहली, दूसरी, तीसरी और छठवीं कक्षा की किताबों में बदलाव किया गया है। ये किताबें भी एनसीईआरटी की तर्ज पर ही तैयार की गई हैं। स्थानीय जानकारी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए एनएसीईआरटी किताबों में कुछ परिवर्तन किए जाने के अलावा शुरुआती कक्षा के छात्रों को मातृभाषा में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

### कोटा में धर्मांतरण...

पुरुषों को धर्मांतरण कराए जा रहे थे, वहां बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। हंगामे की जानकारी मिलने पर मौके पर संबंधित थाने के टीआई सहित पुलिस अफसर तथा भारी संख्या में पुलिस बल ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। बजरंगदल के नेताओं की शिकायत पर पुलिस ने पास्टर अमित सिंह, केशव महानंद, दुर्गेश महानंद, महेंद्र महानंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शेष लाए गए लोगों को बाद में पुलिस ने छोड़ दिया।

### पीएससी ने आगे...

संबंधित व्यवस्थाओं के कारण यह निर्णय लिया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर भी इसके माध्यम से भर्ती होगी। विभाग के 30 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें से 13 पद अनारक्षित वर्ग के लिए, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए 4-4 पद और अनुसूचित जनजाति के लिए 9 पद आरक्षित हैं। इस भर्ती में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को स्तर-12 के अनुसार 56100 रुपए वेतन प्रदान किया जाएगा।

### यह कैसी नीति? दूसरे...

प्रवेश करेंगे। जेनेरिक इलेक्टिव विषय निर्धारित नहीं होने के कारण महाविद्यालय अपने छात्रों को ना तो इसकी जानकारी दे पा रहे हैं और ना ही अध्यापन कार्य के लिए फैकल्टी का शेड्यूल ही तय कर पा रहे हैं।

### केन्या में कमेंट्री करेंगे जसवंत क्लाडियस



**रायपुर।** केन्या के नैरोबी शहर में 22 से 29 जून तक पहले जूनियर रोलबॉल विश्व कप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विश्वभर के अनेक महाद्वीपों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता को टीवी टेलीकास्ट भी किया जाएगा। इस दौरान भारत की ओर से छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कमेंटेटर जसवंत क्लाडियस कमेंट्री करेंगे। वे अनेक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में कमेंट्री कर चुके हैं।

